शुक्ल पक्ष, 23 वर्ष, अंक 108 पृष्ठ 08 मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित


नगर संस्करण प्रयागराज | मंगलवार 14 मई 2024 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

## मोदीमय हुआ अविनाशी काशी

### प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नामांकन की पूर्व संध्या पर वाराणसी में निकाला रोड शो

**वाराणसी:**
वाराणसी संसदीय सीट से लगातार तीसरी बार नामांकन करने शहर में पहुंचे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार शाम को मेगा रोडशो किया। भगवामय शहर में भाजपा की ओर से आयोजित रोडशो में शामिल होने के लिए सड़कों और गलियों से जनसैलाब उमड़ पड़ा। बीएचयू के सिंह द्वार लंका पर स्थित महामना मदन मोहन मालवीय के विशाल प्रतिमा पर माल्यार्पण कर प्रधानमंत्री मोदी ने रोड शो की शुरूआत की। रोड शो में शामिल प्रधानमंत्री ने भगवा रंग का कुर्ता और सफेद रंग की सदरी पहन रखी थी। रोडशो के रथ पर प्रधानमंत्री मोदी के साथ प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी भी उत्साह से लोगों का अभिवादन कर रहे थे। लंका से प्रधानमंत्री का रथ लाखों के हुजूम के बीच आगे बढ़ा तो लोगों ने शाही अंदाज में विजेता नायक की तरह प्रधानमंत्री का शंखध्वनि, पुष्पवर्षा के बीच भव्य स्वागत किया। रोड शो में प्रधानमंत्री मोदी के प्रति लोगों की दीवानगी एक बार देखने को मिली। हर-हर महादेव, मोदी-मोदी के गगनभेदी नारों से आसमान गुंजायमान रहा। प्रधानमंत्री लोगों का अभिवादन हाथ जोड़ कर विनम्रता से स्वीकार करते रहे। यह देख भाजपा कार्यकर्ता ढोल नगाड़े बजाकर गगनभेदी मोदी-मोदी, नारेबाजी के बीच गुलाब की पंखुड़ियां प्रधानमंत्री पर बरसाते रहे। पार्टी की महिला कार्यकर्ताओं और नागरिकों का उत्साह देखकर प्रधानमंत्री का काफिला भी धीरे-धीरे आगे बढ़ता रहा। बीएचयू प्रवेश द्वार से ही प्रधानमंत्री के रोड-शो में 500 युवा और 500 मातृशक्ति आगे-आगे चल रहीं थीं। बीएचयू सिंह द्वार से रविदास गेट, अस्सी, शिवाला, मदनपुरा, गोदौलिया होते विश्वनाथ धाम के प्रवेश द्वार संख्या-चार पर पहुंच कर प्रधानमंत्री ने रोड शो का समापन किया।





### अविनाशी काशी का अलग ही रंग है...



**प्रधानमंत्री** मोदी के स्वागत के लिए 11 बीट के अन्तर्गत 100 स्वागत प्वाइंट बनाए गए। स्वागत प्वाइंट पर मराठी, गुजराती, बंगाली, माहेश्वरी, मारवाड़ी, तमिल, पंजाबी आदि समाज के लोग अपनी परंपरागत वेशभूषा में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर पुष्पवर्षा कर स्वागत के लिए डटे रहे। इस दौरान विकास भी, विरासत भी, हमार काशी-हमार मोदी के पोस्टर भी लोग उत्साह से लहराते दिखे। प्रधानमंत्री मोदी के रोड शो में उमड़ी स्वतः स्फूर्त भीड़ के उत्साह के आगे व्यवस्था छोटी पड़ गई। प्रधानमंत्री का काफिला लंका से अस्सी की ओर बढ़ा तो भीड़ को संभालने में पुलिस अफसरों और जवानों के पसीने छूट गए।
अस्सी मार्ग पर बैंक ऑफ बड़ौदा के पास भीड़ आगे नहीं जा पा रही थी। बैरिकेडिंग से रास्ता बंद था। यहां हजारों लोग स्वागत मंच के पास जुटे थे। भीड़ के दबाब से बैरिकेडिंग टूट गई।

उधर, प्रधानमंत्री के शहर में प्रवास और रोड शो को लेकर काशी विश्वनाथ धाम को भव्य रूप में सजाया गया। सतरंगी बिजली की लतरों से गोदौलिया चौराहे से लेकर काशी विश्वनाथ धाम तक सजाया गया है।

### मेगा रोड शो में लघु भारत और उत्तर प्रदेश की संस्कृति की झलक दिखी



05 किलोमीटर के दायरे में हुए मेगा रोड शो में लघु भारत और उत्तर प्रदेश की संस्कृति की झलक दिखी। पूरे रास्ते शंखनाद, डमरुओं की निनाद और मंत्रोच्चार के बीच प्रधानमंत्री का स्वागत लोग करते रहे। इसमें बच्चे और युवतियां भी पीछे नहीं रहीं। संकरी सड़क के दोनों छोर पर स्थित मकानों के बारजे और छत से महिलाएं प्रधानमंत्री के उपर पुष्पवर्षा करती रहीं। लोगों का अपनापन देख प्रधानमंत्री आह्लादित दिखे। रोड शो में ढोल-नगाड़े की थाप पर जगह-जगह सांस्कृतिक कार्यक्रम, लोकनृत्य, लोकगीत गाते बनारस के कलाकार व वैदिक मंत्रोच्चार करते हुए बटुक भी अभिनंदन के लिए डटे रहे। वीवी सुंदरम शास्त्री के नेतृत्व में सोनारपुरा, पांडेय हवेली मार्ग पर महिलाओं ने भरतनाट्यम की प्रस्तुति दी। मार्ग में वेदमंत्रों के साथ दक्षिण भारत के शहनाई के रूप में शुमार नादश सरम तो बंगाली समाज की धुनकी और ढाक वाद्ययंत्र भी गूंजता रहा। डांडिया और गरबा की भी झलक दिखी। भारतरत्न उस्ताद बिस्मिल्लाह खां के परिवार के सदस्यों ने मदनपुरा के पास शहनाई वादन से अलग माहौल बनाया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी में नामांकन के पूर्व मेगारोड शो के दौरान सरकार और संगठन को अहमियत दी।

यह देख भाजपा कार्यकर्ता उत्साहित दिखे। प्रधानमंत्री ने प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी को अपने साथ रख आम लोगों के साथ पार्टी के कार्यकर्ताओं को भी बड़ा संदेश दिया।

## मणिपुर में हिंसा से पहले चिह्नित किए गए थे 2480 अवैध प्रवासी

**इंफाल**
मणिपुर के मुख्यमंत्री एन. बीरेन सिंह ने रविवार को बताया कि गत वर्ष पूर्वोत्तर राज्य में 2480 अवैध प्रवासियों को चिह्नित किया गया था। हालांकि गत तीन मई को हिंसा शुरू होने के बाद उन्हें निर्वासित करने का अभियान बंद कर दिया गया। इस दौरान उन्होंने अवैध प्रवासियों द्वारा जंगल को काटने और नए गांवों के निर्माण पर चिंता जाहिर की। पत्रकार वार्ता में सिंह ने कहा कि गत फरवरी 2023 में कुकी समुदायों के दो मंत्रियों लेतपाओ हाओकिप एव नेमछा किपगेन की मौजूदगी में आयोजित कैबिनेट की बैठक के बाद कैबिनेट उप समिति बनाई गई थी। अवैध प्रवासियों को चिह्नित करने के लिए बनाई गई उपसमिति का प्रमुख हाओकिप को बनाया गया था। बायोमीट्रिक लिए जाने के दौरान चंदेल के दस गांवों में 1165, तेंगनोपोल जिले के 13 गांवों में 1147, चूड़चंदपुर में 154 और अन्य प्रवासी कामजोंग जिले में मिले थे। हालांकि, इस आंकड़े में कामजोंग जिले में प्रवेश करने वाले अतिरिक्त 5457 अवैध प्रवासी शामिल नहीं है। इस दौरान सिंह ने जिनेवा स्थित अंतरराष्ट्रीय कोर्ट (आइसीजे) द्वारा भारतीय अधिकारियों को मणिपुर से निर्वासन रोकने का आदेश देने पर कड़ी निराशा व्यक्त की। हिंसा में क्षतिग्रस्त स्कूल के प्रबंधन ने मांगा मुआवजागत वर्ष हुई जातीय हिंसा में इंफाल स्थित 25 वर्ष पुराने सेंट पीटर्स स्कूल को भी आग के हवाले कर दिया गया। स्कूल की प्रधानाचार्य खुपखोमन ने बताया कि गत चार मई की अलसुबह भीड़ ने हमला कर स्कूल को आग लगा दी।

## बिहार के पूर्व उप मुख्यमंत्री सुशील मोदी का निधन, कैंसर से थे पीड़ित

**नई दिल्ली**
बिहार के पूर्व उप मुख्यमंत्री और पूर्व राज्य सभा सांसद सुशील मोदी का सोमवार को देर रात निधन हो गया। दिल्ली के अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में उन्होंने आखिरी सांस ली। वे 72 साल के थे। वे गले के कैंसर से पीड़ित थे और दिल्ली एम्स में उनका इलाज चल रहा था। बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने एक्स पर पोस्ट कर उनके निधन की जानकारी दी।

## नारीशक्ति आम आदमी पार्टी में सुरक्षित नहीं: अनुराग ठाकुर

**नई दिल्ली**
केंद्रीय मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने आम आदमी पार्टी की राज्यसभा सदस्य स्वाति मालीवाल द्वारा मुख्यमंत्री आवास पर अरविंद केजरीवाल के पीए द्वारा उनसे अभद्रता और मारपीट किए जाने के आरोपों पर मीडिया के सवालों पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा, ह्यआम आदमी पार्टी का पहले अरविंद एडवरटिसमेंट पार्टी और अब अरविंद असॉल्ट पार्टी बनना यह दिखाता है। इसके संयोजक अरविंद केजरीवाल और इनके लोग कितना गिर चुके हैं। नारी शक्ति आम आदमी पार्टी में सुरक्षित नहीं है। जब दिल्ली के मुख्यमंत्री आवास में आम आदमी पार्टी की राज्यसभा सदस्य, जो दिल्ली महिला आयोग की चेयरपर्सन रह चुकी हैं, वही सुरक्षित नहीं है तो फिर दूसरी महिलाएं क्या सुरक्षित होंगी? उन्होंने सवालिया लहजे में कहा कि यह पिटाई पार्टी ने कराई है या परिवार ने ? पीए ने की है या किसी और ने की है? अभी तक परिवार से कुछ लोग नेतृत्व करने के लिए सामने आते दिख रहे थे। तो क्या यह उसका तनाव है?



## कनाडा से अभी तक ऐसा कुछ नहीं मिला, जिसकी जांच हो सके: जयशंकर

**मुंबई**
खालिस्तानी आतंकवादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या मामले में कनाडा की तरफ से की गई चौथी गिरफ्तारी पर केंद्रीय विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि भारत को इस मामले में कनाडा की तरफ से अभी तक कुछ ऐसा नहीं मिला, जिसपर एजेंसी जांच कर सके। केंद्रीय मंत्री ने आगे कहा कि अगर कनाडा के पास इस मामले को लेकर किसी भी हिंसा से संबंधित जानकारी है तो भारत इसकी जांच के लिए तैयार है। एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में पूछे गए सवाल का जवाब देते हुए जयशंकर ने कहा, "हमें कनाडा की तरफ से कभी भी ऐसा कुछ नहीं मिला, जो हमारी एजेंसियों द्वारा जांचने के योग्य हो। पिछले कुछ दिनों में इस मामले में हुए बदलाव को लेकर मेरे पास जानकारी नहीं है।" उन्होंने आगे कहा, "जब विदेशी नागरिक की गिरफ्तारी की जाती है तो इसकी सूचना मूल देश की सरकार या दूतावास को दी जाती है।" 45 वर्षीय हरदीप सिंह निज्जर की 18 जून 2023 में ब्रिटिश कोलंबिया के सर्रे में गुरुनानक सिख गुरुद्वारा के बाहर हत्या कर दी गई थी। इस मामले में पहले तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया। इसके एक हफ्ते बाद चौथे आरोपी की भी गिरफ्तारी हो गई। गिरफ्तार किए गए चौथे आरोपी की पहचान 22 वर्षीय अमनदीप सिंह के तौर पर की गई है। उसके ऊपर प्रथम डिग्री हत्या और हत्या की साजिश रचने का आरोप लगाया गया है।



## सुशील मोदी: संघर्ष के बल पर छात्र राजनीति से बिहार के राजनीतिक शिखर तक बनाया मुकाम

नई दिल्ली
बिहार भाजपा में सुशील कुमार मोदी ऐसा नाम है, जो किसी परिचय का मोहताज नहीं। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सदस्य सुशील कुमार मोदी की पहचान एक जुझारू नेता के रूप में रही है। सामान्य परिवार से निकल बिहार के राजनीतिक शिखर का मुकाम बनाने के बीच संघर्ष की लम्बी राह भी रही है। छात्र संघ की राजनीति से उभरे सुशील मोदी जेपी आंदोलन से काफी प्रभावित थे। जेल भी गए। इनकी पहचान निर्भिक नेता की रही। छात्र राजनीति के दौरान लालू प्रसाद यादव सुशील मोदी साथ रहते थे लेकिन फिर उनकी राहें जुदा हो गईं। बाद में लालू के शासन के समय कई बड़े घोटालों का खुलासा सुशील मोदी ने किया। सुशील मोदी द्वारा दाखिल पीआईएल बिहार ही नहीं, पूरी दुनिया के लिए चर्चित चारा घोटाले रूप में उजागर हुआ। सुशील मोदी की प्रारंभिक शिक्षा पटना के सेंट माइकल स्कूल से हुई। बीएससी बीएन कॉलेज से की। 1974 में जेपी आंदोलन के आह्वान पर एमएससी की पढ़ाई छोड़ दी और करीब 19 माह जेल में रहे। 1962 के भारत-चीन युद्ध के दौरान सुशील काफी सक्रिय रहे और स्कूली छात्रों को शारीरिक फिटनेस और परेड का प्रशिक्षण देने के लिए सिविल डिफेंस में कमांडेंट बने। इसी दौरान उन्होंने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की सदस्यता ली। फिर 1977 में वो अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद से जुड़े और 1983 में परिषद के राष्ट्रीय स्तर पर महासचिव बने। करीब 34 साल राजनीति में सक्रिय रहे सुशील कुमार मोदी राज्यसभा, लोकसभा, विधान परिषद और विधानसभा यानी चारों हाउस के सदस्य रह चुके हैं।

सुशील कुमार मोदी से पहले सिर्फ लालू प्रसाद यादव और नागमणि ही चारों सदनों के सदस्य रहे हैं। वर्ष 1990 में पहली बार पटना सेंट्रल से सुशील मोदी ने विधानसभा चुनाव में जीत हासिल की थी। 2004 में वो भागलपुर सीट से लोकसभा के सदस्य के तौर पर चुने गए।



## मालदीव के लिए फिर आगे आया भारत

**नई दिल्ली**
**भारत एक बार** फिर मालदीव की मदद के लिए आगे आया है। भारत सरकार ने आज मालदीव को 5 करोड़ अमेरिकी डॉलर की बजट सहायता प्रदान की है। भारतीय स्टेट बैंक, माले ने आज 5 करोड़ अमेरिकी डॉलर के ट्रेजरी बिल की सब्सक्राइब अवधि को एक वर्ष आगे बढ़ा दिया है। मालदीव ने ट्रेजरी बिल के बजटीय समर्थन के रूप में भारत सरकार के उदार समर्थन के लिए धन्यवाद दिया है। मालदीव के विदेश मंत्री मूसा जमीर ने पिछले दिनों भारत यात्रा के दौरान विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर से ट्रेजरी बिल (टी-बिल) को रोलओवर करने का अनुरोध किया था। सरकार-से-सरकार के बीच एक विशेष व्यवस्था के तहत एसबीआई ने बिना किसी लागत के मालदीव के सरकारी ट्रेजरी बिलों को सब्सक्राइब किया है। इसका मतलब यह है कि मालदीव को उधार ली गई राशि पर कोई ब्याज खर्च नहीं करना पड़ता है। टी-बिल सरकार की ओर से जारी किया जाने वाला एक पूंजी एकत्र करने का साधन है। बिल भविष्य में पुनर्भुगतान के वचन पत्र के रूप में जारी किया जाता है।




## क्षमता के अनुसार ही तीर्थयात्रियों को धामों की ओर भेजें जनपद प्रभारी : एडीजीपी

**देहरादून**
अपर पुलिस महानिदेशक (एडीजीपी) अपराध एवं कानून व्यवस्था उत्तराखंड एपी अंशुमान ने चारधाम यात्रा में आने वाले तीर्थयात्रियों की अत्यधिक भीड़ के दृष्टिगत जनपद प्रभारियों की ओर से सुचारू यातायात को लेकर बैठक कर तैयारियां परखी। अपर पुलिस महानिदेशक ने पुलिस मुख्यालय में वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से निदेशक यातायात, पुलिस महानिरीक्षक गढ़वाल परिक्षेत्र, पुलिस उप महानिरीक्षक अपराध एवं कानून व्यवस्था/नोडल अधिकारी, चारधाम यातायात उत्तराखंड, वरिष्ठ/पुलिस अधीक्षक देहरादून, हरिद्वार, पौड़ी, टिहरी, उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग, चमोली के साथ बैठक कर समीक्षा की।

## सीबीएसई 10वीं का परिणाम घोषित, 93.60 फीसदी छात्र हुए उत्तीर्ण

### दसवीं कक्षा में छात्राओं का रिजल्ट छात्रों से बेहतर रहा है। परीक्षा में 93.60 फीसदी छात्र और 94.75 फीसदी छात्राएं उत्तीर्ण हुई है। छात्रों की तुलना में 2.04 फीसदी अधिक छात्राएं उत्तीर्ण हुई हैं

**नई दिल्ली: केंद्रीय माध्यमिक** शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने सोमवार को 10वीं कक्षा की बोर्ड परीक्षा का रिजल्ट जारी कर दिया है। सीबीएसई 10वीं बोर्ड की परीक्षा में 93.60 फीसदी छात्र-छात्राएं उत्तीर्ण हुए हैं। सीबीएसई की ओर से जारी बयान के मुताबिक दसवीं कक्षा में छात्राओं का रिजल्ट छात्रों से बेहतर रहा है। परीक्षा में 93.60 फीसदी छात्र और 94.75 फीसदी छात्राएं उत्तीर्ण हुई है। छात्रों की तुलना में 2.04 फीसदी अधिक छात्राएं उत्तीर्ण हुई हैं। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने इन सभी छात्रों का रिजल्ट सीबीएसई बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट पर जारी कर दिया है। सीबीएसई 10वीं कक्षा का परिणाम साल 2023 के मुकाबले 0.48 फीसदी बेहतर रहा है। पिछले साल 10वीं बोर्ड का पास प्रतिशत 93.12 फीसदी रहा था, जो इस साल बढ़कर 93.60 फीसदी रहा है। इस साल सीबीएसई 10वीं बोर्ड परीक्षाओं में 39 लाख छात्रों ने भाग लिया है। उल्लेखनीय है कि इससे पहले सीबीएसई बोर्ड ने 12वीं के नतीजे घोषित किए हैं, जिसमें 87.98 फीसदी छात्र-छात्राएं पास हुए हैं।



# झाड़ियों में मिला युवक का शव

**कौंधियारा थाना क्षेत्र के सेहरा नौगवां गांव के समीप टेल के पास युवक का शव मिलने से क्षेत्र में फैली सनसनी**

अखंड भारत संदेश



**जारी प्रयागराज।** कौंधियारा थाना क्षेत्र के सेहरा नौगवां गांव के समीप में टेल के पास एक युवक का शव मिलने से सनसनी फैल गई। बगल में उसकी बाइक पड़ी मिली है। सुबह शौच क्रिया को निकले लोगों ने देखा तो हड़कंप मच गया। आसपास के लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। तरह-तरह की चर्चाएं होने लगी। सूचना पर पहुंची इलाकाई पुलिस मामले की छानबीन में जुटी हुई है। मृतक युवक नाम भारत भारतीया उम्र 28 वर्ष पुत्र स्वर्गीय रामजस भारतीया भिच्कुरी कौंधियारा का था। चार भाइयों में तीसरे नंबर का था। मृतक युवक की शादी कुआँ कौंधियारा क्षेत्र के श्री लाल चौकीदार की बेटी मोना देवी 26 वर्ष के साथ हुई थी, शादी के बाद दो बेटों का जन्म भी हुआ। बड़े बेटे का नाम सार्थक 4 वर्ष और छोटे बेटे का नाम सरस 2 वर्ष का है। मृतक भारत भारतीया मजदूरी व खेती करके अपने परिवार का गुजारा करता था। मृतक भारत भारतीया के माता पिता का कई वर्षों पहले ही विमारी से मौत हो चुकी है। हत्या होने के पहले ही वह अपने ससुराल आया था। और उसी रात को भारत भारतीया की हत्या कर कौंधियारा थाना क्षेत्र के नौगवा नहर टेल के पास फेक दिया गया। हत्या किन कारणों से हुई है किसी को कुछ भी पता नहीं है।परिजनों को हत्या की सूचना मिलने पर रो रो कर बुरा हाल है।पुलिस ने शक के आधार पर तीन लोगों को अपने हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।थाना प्रभारी सीपी सिंह के अनुसार मामला आशनाई का है, जिसमें साजिस के तहत युवक को मौत के घाट उतारा गया है।

## पोस्टमार्टम रिपोर्ट में शिवदास की मौत स्वाभाविक आने पर परिजन चुप

**मऊआइमा।** मऊआइमा के सकरामऊ निकासी शिवदास 21वर्ष पुत्र छेदीलाल पटेल की 27 अप्रैल को मृत हो गई थी। परिजनों ने 28 अप्रैल को घाट पर गाड दिए थे। शिवदास की मौत के तीन बाद उसकी पत्नी जो कोर्ट मैरेज से शादी की थी।सारा सामान समेट कर भाग गयी। जिसपर मृतक के परिजनों को शंका हुई कि जरूर शिवदास की संदिग्ध मौत हुई है।डीएम के यहां शव खुदवाकर पोस्टमार्टम के लिए फरियाद लगाई गई। जिसपर डी एम के आदेश पर शनिवार को शिवदास का शव कोडेसर घाट से खुदवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया था। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में शिवदास की स्वाभाविक मौत आने से मृतक के परिजन की तमाम कयास झूठा साबित हुआ। जिससे सारे लोग चुप हो गए।

# ट्रक ने ट्रैक्टर में मारी टक्कर चालक की मौत



अखंड भारत संदेश

**जारी।** रविवार की रात गड़ैया गाँव के सामने ट्रैक्टर में लदे ईंट में पीछे से आ रहे ट्रक ने टक्कर मार दी। जिसमें विजय शंकर पुत्र द्वारिका प्रसाद और ट्रैक्टर चालक रामबहोर भुरतिया को 108 नंबर एम्बुलेंस से स्वरुप रानी ले जाया गया,जहां विजय शंकर ने बीच में ही दम तोड़ दिया। वहीं रामबहोर और ट्रक ड्राइवर का एसआरएन में इलाज चल रहा है। ग्राम कुडुरी निवासी विजय शंकर ट्रैक्टर से रामबहोर के साथ घूरपुर से ईंट लेकर अपने गाँव वापिस आ रहे थे।जैसे ही गड़ैया गाँव के पास पहुँचे पीछे से आ रही ट्रक ने जोरदार टक्कर मार दी।जिसमें विजय शंकर रामबहोर भुरतिया और ट्रक ड्राइवर को एम्बुलेंस की सहायता से एसआरएन भेजा गया जहां विजय शंकर ने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। हादसा इतना भयानक था कि देखते ही देखते हाइवे पर स्थानीय लोगों का जमावड़ा लग गया। मिली जानकारी के अनुसार ट्रक ड्राइवर के पैर में मामूली चोटें आई है।ट्रक को कब्जे में ले लिया गया है।बताया गया कि द्वारिका प्रसाद के चार बेटों में मृतक दूसरे नम्बर का लड़का था।



# बजरंग दल के कार्यकताओं ने निकाली विशाल शोभा यात्रा

**सहसों।** बजरंग दल गंगापार के कार्यकताओं द्वारा हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में आयोजित विशाल शोभा यात्रा निकाली गई। शोभा यात्रा सहसों ललचहां मंदिर प्रांगण से प्रारंभ होकर सिंगरामऊ, जगदेवपुर बरेठी, टटिहरा, बाबूगंज, फूलपुर, मनेथू , सराय चंडी, गारापुर, नारायणपुर, गुलालपुर होते हुए वापस सहसों में समाप्त हुई। इस अवसर पर विश्व हिन्दू परिषद काशी प्रांत के अध्यक्ष कवींद्र प्रताप जी ने अपने उद्बोधन में बताया कि इस शोभा यात्रा का उद्देश्य सनातनी जनता के बीच जन जागरण का है। उन्होंने कहा कि भारत माता अपने परम वैभव को प्राप्त करे यही हम सभी का उद्देश्य है, भारत माता अपनी अखंडता को प्राप्त करे, जो हमारे सनातनी हिन्दूओं की रक्षा कर सके हम उसके साथ हैं। जो हमारे धर्म की रक्षा करे हम उसके साथ हैं। उन्होंने कहा कि इस महासमर में हिंदुओं का शत प्रतिशत मतदान हो, जिससे भारत पुनः विश्व गुरु बनकर पूरे विश्व में अपनी ख्याति प्राप्त कर सके। इस मौके पर प्रमुख रूप से बजरंग दल एवं विश्व हिंदू परिषद के पवन पांडे, विष्णु दुबे स्वामी जी, दीपक द्विवेदी सहित समस्त पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# दो बाइक में भिड़ंत : अनियंत्रित हुआ बाइक चालक युवक आ गया ट्रक की चपेट में, हालत गंभीर





अखंड भारत संदेश

**इलाज के लिए घायलों को भेजा गया सीएचसी मांडा, दिघिया पुलिस ने दोनों बाइक सहित ट्रक को लिया कब्जे में**

**मांडा।** दिघिया चौकी के अंतर्गत गौरी शंकर पेट्रोल पंप के समीप प्रयागराज -मिजार्पुर मुख्य मार्ग पर दो बाइक आमने सामने टकराने के बाद अनियंत्रित होकर एक ट्रक से भीड़ गया।जिससे बाइक के परखच्चे उड़ गए ।सूचना पर पहुंचे दिघिया पुलिस कर्मियों ने इलाज के लिए सीएचसी मांडा भेजा। गौरतलब हो कि मांडा थाना क्षेत्र के दिघिया पुलिस चौंकी अन्तर्गत प्रयागराज मिजार्पुर मुख्य मार्ग पर सोमवार को टिकरी गौरी शंकर पेट्रोल पंप के समीप (26)वर्षीय अश्वनी झा पुत्र आनंद झा निवासी मुंगारी थाना करछना प्रयागराज अपने रिश्तेदार शिवशंकर और पत्नी के साथ विंध्याचल से दर्शन कर घर मुंगारी के लिए लौट रहे थे। जैसे ही अश्वनी झा ने टिकरी स्थित पेट्रोल पंप के पास पहुंचे तभी पीछे से आ रही बाइक सवार ने जोरदार टक्कर मार दिया । वहीं अश्वनी झा की बाइक अनियंत्रित होकर ट्रक की चपेट में आ गया । जिससे अश्वनी झा बुरी तरह से घायल हो गया और उसका एक पैर टूट गया । तथा बाइक पर पीछे बैठे रिश्तेदार शिव शंकर के सिर में गंभीर चोटें आई । सूचना पर पहुंचे दिघिया पुलिस चौकी प्रभारी बाबूराम ने घायलों को इलाज के लिए मांडा सीएचसी भेज दिया। दुर्घटना में अश्विन झा की बाइक क्षत्रिग्रस्त हो गई । पुलिस ने दोनों बाइक व ट्रक कोअपने कब्जे में लेकर पुलिस चौकी ले गई। वहीं ट्रक ड्राइवर मौका पाकर फरार हो गया।

## न्यूज झरोखा

### समाजवादी पार्टी के जिला सचिव बने वीरेंद्र पटेल



**करछना** प्रयागराज समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर व प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल की अनुमति से समाजवादी पार्टी की रीति नीति में विभाग को देखते हुए प्रयागराज जमुना पार की जिला कार्यकारिणी में वीरेंद्र कुमार पटेल को जिला सचिव पद पर मनोनीत किया गया है तथा आशा की है कि समाजवादी पार्टी के संगठन को मजबूत एवं प्रभावी बनाने में अपना सहयोग प्रदान करेंगे वीरेंद्र कुमार पटेल को समाजवादी पार्टी का प्रयागराज के जमुनापार का जिला सचिव बनाए जाने पर जिला अध्यक्ष समाजवादी पार्टी पप्पू लाल निषाद सहित पार्टी के कई वरिष्ठ नेताओं ने तथा कार्यकताओं ने वीरेंद्र सिंह को बधाई दी है

### कमल खिलेगा क्षेत्र का होगा विकास : कविता त्रिपाठी



**नैनी।** नैनी भारतीय जनता पार्टी के सांसद प्रत्याशी नीरज त्रिपाठी के समर्थन में किसान मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष संजय श्रीवास्तव के नेतृत्व में क्षेत्र में जनसंपर्क किया गया साथ में कविता त्रिपाठी ने इस अवसर पर उन्होंने कहा भारतीय जनता पार्टी का कमल की सरकार बनेगी और क्षेत्र का होगा विकास। इस अवसर पर वरिष्ठ पार्षद मयंक यादव नैनी मंडल अध्यक्ष नीरज शर्मा दिव्यांग प्रकोष्ठ संयोजक सुनील विश्वकर्मा महामंत्री उमेश सेन राज सिंह मंत्री सुनील कुशवाहा किसान मोर्चा उपाध्यक्ष प्रदीप तिवारी नित्यानंद मिश्रा धर्मराज पटेल भाजपा कार्यकताओं के साथ क्षेत्र में भ्रमण करके कविता त्रिपाठी ने सांसद प्रत्याशी के लिए समर्थन मांगा।

### राष्ट्रीय सुरक्षा व प्रगति के लिए करें मतदान : राजेश्वर सिंह



**जंघई।** पिलखिनी ग्राम सभा में ग्राम प्रधान बच्चन मिश्र की अध्यक्षता में सोमवार वरिष्ठ लोगों की बैठक आयोजित की गई बैठक में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ प्रयाग विभाग के मुख्य मार्ग प्रमुख राजेश्वर सिंह ने लोगों से राष्ट्र की प्रगति, राष्ट्र की बाह्य व आंतरिक सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए अधिक से अधिक राष्ट्रहित में मतदान के लिए कहा।इस अवसर पर, खंड संघ चालक हृदय नारायण मिश्र, शेषमणि पांडेय, राजू सिंह, किशन पाठक विहिप, रिंकू मिश्र, आयुष जायसवाल, प्रमोद मिश्रा, राम शिरोमणि मिश्र, टोपी दादा, विजय मिश्रा राजेश मिश्रा, जितेंद्र मिश्रा, संजय मिश्रा बीडीसी , देवी प्रसाद मिश्रा, राजमनि मिश्रा, हौंसिला दुबे आदि लोग उपस्थित रहे।

### दरवाजे पर खड़ा किसान का ट्रैक्टर चोरों ने हाथ साफ किया

**मांडा।** दरवाजे पर खड़ा एक किसान का ट्रैक्टर चोरों ने गायब कर दिया। पीड़ित किसान की तहरीर पर पुलिस मामले की जांच कर रही है। मांडा थाना क्षेत्र के दिघिया पुलिस चौकी अंतर्गत बरहा कला गांव निवासी किसान राम अचल पटेल रविवार रात रोज की तरह अपना ट्रैक्टर दरवाजे पर खड़ा करके घर के अंदर सोया करता था। भोर में जब घर से बाहर निकले, तो दरवाजे पर खड़ा ट्रैक्टर नहीं दिखाई दिया। वह भोर से ही काफी खोजबीन किया लेकिन ट्रैक्टर का कोई सुराग नहीं मिला।पीड़ित किसान ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

### बारात में गए युवक की बाइक चोरी, तहरीर

**सोरांव।** थाना क्षेत्र के भावापुर निवासी अमित कुमार पुत्र महेश चंद्र रविवार शाम लहटी गांव से मऊआइमा थाना क्षेत्र के मदारी गांव में बारात में गए शामिल हुए थे। वह अपनी बाइक जहां पर सभी खड़ी किए थे। वहीं खड़ी करके भोजन करने चले गए। और जब वापस गाड़ी के पास आए तो देखा की गाड़ी गायब थी। बहुत खोजबीन किया लेकिन बाइक का कहीं भी पता नहीं चला। मामले में सोमवार को मुक्त भोगी ने मऊआइमा थाने पर तहरीर देकर मुकदमा लिखवाने की मांग किया है।

# बीईओ बहादुरपुर ने किया विद्यालयों का निरीक्षण

अखंड भारत संदेश



**सहसों।** खण्ड शिक्षा अधिकारी बहादुरपुर सुश्री नीलम शाक्यवार द्वारा सोमवार को सहसों संकुल परिक्षेत्र में आने वाले परिषदीय विद्यालय एवं गैरमान्यता प्राप्त संचालित विद्यालयों का औचक निरीक्षण किया। जिसमें प्रा० वि० कसेरूवा कला और प्राथमिक विद्यालय बभनकुइयाँ का निरीक्षण किया । प्राथमिक विद्यालय बभनकुइयाँ में निरीक्षण के दौरान सभी अध्यापक अपनी कक्षा- कक्ष में उपस्थित होने के साथ- साथ बच्चों के साथ पठन - पाठन में संलग्न पाए गए। विद्यालय का वातावरण साफ - सुथरा पाया गया। नामांकन के सापेक्ष उपस्थित 110/173 पाई गई। सभी बच्चों को मीनू के हिसाब से रोटी सब्जी और फल वितरण किया गया । साथ ही ग्राम सभा बभनकुइयाँ में संचालित गैरमान्यता प्राप्त विद्यालय ए वी एस पब्लिक स्कूल और गुलाबा देवी इंटर कॉलेज का भी निरीक्षण किया। गुलाबा देवी इंटर कॉलेज में कक्षा एक से पाँच तक की मान्यता न होने के बावजूद कक्षाएं संचालित मिली। विगत कई वर्षों से जब विभाग द्वारा एक से पाँच तक की कक्षाएं बिना मान्यता के संचालन बन्द करने हेतु नोटिस भेजी जाती रही है। किन्तु हमेशा की तरह नोटिस लेने से मना कर दिया जाता रहा है। यही नहीं विद्यालय परिसर में सोमवार को बीईओ बहादुरपुर के साथ निरीक्षण एवं पूछताछ के दौरान विद्यालय के कर्मचारियों द्वारा अभद्रता एवं बदतमीजी से पेश आया गया। जिससे नाराज अधिकारी ने हिदायत देते हुए विद्यालय परिसर में बगैर मान्यता के संचालित कक्षा 1 से 5 तक की कक्षाओं को तत्काल प्रभाव से संचालन बंद करने को कहा गया है।

# इण्डिया गठबंधन के प्रत्याशी के समर्थन में कई गांवो में नुक्कड़ सभा सम्पन्न

अखण्ड भारत संदेश।



**मांडा।** यमुनापार क्षेत्र के करछना विधानसभा में सोमवार को इण्डिया गठबंधन प्रत्याशी उज्जवल रमण के समर्थन में मेजा विधायक संदीप पटेल व रणजीत सोनकर के अगुवाई में कई गांवों में नुक्कड़ सभाए एवं जनसंपर्क किया गया। वहीं पर नुक्कड़ सभा एवं जनसंपर्क के दौरान मेजा विधायक संदीप पटेल ने उपस्थित लोगों को संविधान से मिले वोटों के अधिकार को बताते हुए कहा कि वर्तमान सरकार के द्वारा गरिबों के हक अधिकार मान-सम्मान स्वाभिमान के साथ रोजगार, शिक्षा, चिकित्सा को खत्म किया जा रहा हैं। और रणजीत सोनकर ने नुक्कड़ सभा में उपस्थित लोगों से वोटों का अपिल करते हुए वर्तमान सरकार पर निशाना साधा और कहा कि यह सरकार शिक्षा, चिकित्सा, रोजगार,किशानों पर बात न करते हुए हिंदू-मुश्लीम जातियों में लड़ाने का काम करती हैं जिससे लोगों में आपसी मतभेद पैदा होने के साथ देश व प्रदेश के विकास में रूकावट पैदा हो रही हैं।और आपसी भाईचारा खत्म होने के कगार पर आ खड़ी हैं। अगर शिक्षा, चिकित्सा, रोजगार होगा । तो हमारा देश बेहतर दिशा की ओर जायेगा। श्री सोनकर ने कहां कि वर्तमान सरकार अपने एक भी वादे पर खरा नहीं उतर पा रहीं हैं इनके वादे सब झूठे हैं इसलिए अब हम सबको मिलकर इस तानाशाही सरकार को गिराकर इण्डिया गठबंधन की सरकार बनाकर हम देश व भारतीय संविधान को खतरे से बाहर निकाल कर अपने मान, सम्मान व स्वाभिमान के साथ ही साथ बढ़ती शिक्षा महंगाई, चिकित्सा महंगाई, बेरोजगारी से मुक्त हों। उक्त बातों को विशेष ध्यान देने के साथ अपने किमती वोटों को खराब न करते हुए अपने वोटों को पंजे के बटन पर देकर प्रयागराज से इण्डिया गठबंधन प्रत्याशी उज्जवल रमण को जिताने के साथ केंद्र में इण्डिया गठबंधन की सरकार बनाने का काम करें।इस नुक्कड़ व जनसंपर्क के दौरान पूर्व प्रधान लच्छीपुर नंद लाल यादव, अभय राज यादव, बबलू यादव, अशोक यादव, बैजनाथ शर्मा,रंग लाल पाल, लक्ष्मीनारायण पाल, अरूण यादव, सत्य प्रकाश सोनकर, मोहित यादव, हिंमाशु मिश्रा, सत्यम पाण्डेय और समाजवादी पार्टी व इण्डिया गठबंधन के सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित रहें।

# लोकमत परिष्कार अभियान चलाकर मतदान के लिए लोगों किया जा रहा है जागरुक

**हाई कोर्ट के अपर शासकीय अभिवक्ता रामेश्वर मिश्र की अनोखी पहल की क्षेत्र में हो रही है प्रशंसा**

अखंड भारत संदेश



**मेजा।** लोक जागरण मंच के बैनर तले अपर शासकीय अधिवक्ता हाई कोर्ट रामेश्वर प्रसाद शुक्ला के नेतृत्व में लोकसभा चुनाव के मद्देनजर लोकमत परिष्कार अभियान चलाकर लोगों को जागरूक किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि लोक जागरण मंच के कार्यकर्ता ग्रामीण क्षेत्र में जाकर मतदाताओं को मतदान करने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। पिछले एक पखवाड़े से क्षेत्र के उरूवा, ऊंचडीह, नीवीं,औंता सहित कई अन्य गांवों में घर-घर जाकर संगोष्ठी के जरिए लोगों को लोकतंत्र के उत्सव में भागीदारी निभाने के लिए प्रेरित कर रहे हैं।लोक जागरण मंच के तत्वाधान में चलाए जा रहे इस मतदाता जागरूकता अभियान को लेकर ग्रामीणों में खासा उत्साह है।कार्यक्रम का नेतृत्व कर रहे मंच के संवाद प्रवर्तक रामेश्वर प्रसाद शुक्ला अपर शासकीय अधिवक्ता हाई कोर्ट इलाहाबाद ने लोकतंत्र के इस महापर्व पर लोगों से भागीदारी निभाने की अपील किया है। उन्होंने कहा कि इस महाउत्सव में शामिल होकर लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए अपने मताधिकार का उपयोग करें।इस अवसर पर सिद्धांत मिश्रा राज्य विधि अधिकारी हाईकोर्ट, ब्रह्मानंद सिंह अधिवक्ता उच्च न्यायालय, नित्यानंद उपाध्याय, शिशिर कुमार ब्रह्म प्रताप सिंह, अभिषेक मिश्रा, रत्नाकर दुबे, शिवाकांत यादव, देव प्रसाद पटेल, राजाराम निषाद तथा नागेंद्र सिंह उर्फ बाबा आदि के अलावा कई अन्य लोग प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# आपराधिक प्रवृत्त का अभियुक्त अवैध शस्त्र सहित गिरफ्तार



**कोरांव।** थाना कोरांव पुलिस द्वारा गत दिवस बरनपुर मोड नहर पुलिया थाना क्षेत्र कोरांव से अभियुक्त रमेश कोल पुत्र सोभनाथ कोल निवासी ग्राम बरनपुर थाना कोरांव जनपद प्रयागराज को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त उपरोक्त के कब्जे से 01 अवैध तमंचा 12 बोर व 02 कारतूस 12 बोर बरामद किया गया। उक्त गिरफ्तारी/ बरामदगी के संबंध में थाना कोरांव में मु0अ0सं0-117/24 धारा 3/25 आयुध अधिनियम पंजीकृत किया गया। नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की गयी। उक्त अभियुक्त पर मु0अ0सं0-117/24 धारा 3/25 आयुध अधिनियम थाना कोरांव कमिश्नरेट प्रयागराज। तथाआपराधिक इतिहास 1.मु0अ0सं0 11/2018 धारा 379/411 भा0द0वि0 दारागंज कमिश्नरेट प्रयागराज। 2.मु0अ0सं0 114/2018 धारा 379/411 भा0द0वि0 दारागंज कमिश्नरेट प्रयागराज। 3.मु0अ0सं0 147/2019 धारा 60 उत्तर प्रदेश उत्पाद-शुल्क/अबकारी अधिनियम कोरांव कमिश्नरेट प्रयागराज। 4.मु0अ0सं0 181/2018 धारा 41/411 भा0द0वि0 कोरांव कमिश्नरेट प्रयागराज। 5.मु0अ0सं0 69/2022 धारा 2/3 (1) उ0प्र0 गिरोह बन्द एव समाज विरोधी क्रिया कलाप (निवारण) अधि0 थाना कोरांव कमिश्नरेट प्रयागराज में दर्ज हैं। गिरफ्तारी में थाना प्रभारी कोरांव राकेश कुमार भारती के निर्देशन में पुलिस टीम उ0नि0 अनुज राय .का0 आशीष सिंह थाना कोरांव कमिश्नरेट प्रयागराज शामिल रहे। इसी प्रकार थाना कोरांव में करीब आठ मुकद्दमों का वांछित अभियुक्त ग्राम अहल्वा निवासी की गिरफ्तारी तथा गुंडा एक्ट में और धारा 110 जी के लिए निर्देशित अभियुक्त की कार्यवाही के लिए पीड़ितों ने थाना कोरांव पुलिस एवं पुलिस उपायुक्त यमुनानगर प्रयागराज का ध्यान आकृष्ट किया है।

# सी.बी.एस.ई कक्षा 12वी एवं 10 वी के नतीजे घोषित महर्षि विद्या मन्दिर नैनी का सर्वोत्तम परीक्षा परिणाम

**अखंड भारत संदेश**

**नैनी।** नैनी महर्षि विद्या मन्दिर का सर्वोत्तम परीक्षा परिणाम सीबीएसई 12 वीं का परीक्षा परिणाम घोषित हुआ जिसमें महर्षि विद्या मन्दिर नैनी के छात्रों ने अपना परचम फहराया। विज्ञान संकाय एवं वाणिज्य संकाय के छात्रों का परिक्षा परिणाम बहुत ही शानदार रहा। विज्ञान संकाय के अंश कुमार ने 97% अंक हासिल कर प्रथम स्थान पर होकर विद्यालय का नाम रोशन किया द्वितीय स्थान पर अनमोल सोनी ने 95% अंक प्राप्त किया। अनुभव शुक्ला 94.4% अंकों के साथ तीसरे स्थान पर टिक गए। वाणिज्य संकाय के मौमिता बल ने 94.8% अंक हासिल कर प्रथम स्थान पर अपना परचम फहराया। द्वितीय स्थान अनुराग शुक्ल ने 94.4% अंक प्राप्त किया । शिवम द्विवेदी ने 90.8% अंक हासिल कर तीसरे स्थान रहे सीबीएसई 10 वी का परीक्षा परिणाम शतप्रतिशत रहा मेधावी छात्रों ने अपने सर्वोत्तम अंकों को देखकर अत्यन्त खुशी के



साथ झूम उठे। आदित्य शुक्ल 94.4% अंक हासिल कर पूरे विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त कर अपने माता पिता एवं विद्यालय के गौरव को बढ़ाया । द्वितीय स्थान पर प्रशांत कुमार 94.4% प्राप्त किया। तृतीय स्थान पर नमन राजवंश, सहर्ष सिंह, दिव्याशु सिंह, उत्सव यादव आदि छात्रों ने 93.4 % अंकों के साथ अपना प्ररचम फहराया। उत्तम अंकों को देखकर सभी छात्र खुशी से झुम उठे। प्रधानाचार्या पूजा चन्दोला ने सभी छात्रों की खूब सराहना किया एंव उनके उज्जवल भविष्य की कामना किया। उन्होंने कहा कि किसी तरह उतरोत्तर प्रशस्त कामयाबी के साथ आगे बढ़ते रहे।



## सीबीएसई बोर्ड परीक्षा परिणाम में झूंसी की बेटियों का दबदबा कायम

**झूंसी।** बेटियों ने सीबीएसई बोर्ड में भी अपना दबदबा कायम रखा है। सोमवार को सीबीएसई बोर्ड इंटर हाई स्कूल का परिणाम आया जिसमे झूंसी की बेटियों ने लड़को की अपेक्षा अधिक अंक प्राप्त कर अपना रुतबा कायम रखा। यूपी बोर्ड में भी बेटियां अव्वल आई थी। न्यू आरएस जे की इंटर की छात्रा रानी यादव ने 95.8 प्रतिशत अंक प्राप्त किया तो वही सेंट्रल एकेडमी स्कूल की इंटर की छात्रा मौली श्रीवास्तव 95.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर टॉपरों में अपना नाम दर्ज कराया है। सेंट्रल एकेडमी स्कूल के इंटर के छात्र सुमित कुमार सिंह 94, आंशिक गिरी 94, अश्विन कुशवाहा 94, आशुतोष कुमार 94, क्रिष जैन 94 प्रतिशत अंक प्राप्त किया है। हाईस्कूल में शुभ प्रताप सिंह ने 98 % अंक प्राप्त करके पूरे विद्यालय में सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार दृष्टि मौर्य ने 97, तृप्ति पांडे 97, वेदांत यादव 97, अमन पांडे 96, सुप्रिया तिवारी 96, शुभ्रा यादव 96, शिखर त्रिपाठी 96, सक्षम मिश्रा 96, और तेजस उपाध्याय ने 96अंक प्राप्त किया। विद्यालय के कुल 90 विद्यार्थियों ने 90% या उससे अधिक अंक प्राप्त करके विद्यालय में कीर्तिमान बनाया। इस दौरान निदेशक एसके तिवारी व प्रधानाचार्य आनंद कुमार पांडे ने सभी सफल विद्यार्थियों को मुंह मीठा करा कर बधाई दी।

## अफजाल अंसारी के गैंगस्टर मामले में सुनवाई टली, अब 20 मई को होगी बहस, चुनाव लड़ने में अड़चन नही

**प्रयागराज।** सोमवार को गाजीपुर सांसद अफजाल अंसारी के मामले में सुनवाई टल गई। इलाहाबाद हाईकोर्ट में मुकदमे में बहस के दौरान अधिवक्ता जीएस चतुर्वेदी, दयाशंकर मिस्र ने पक्ष रखा। कहा कि राजनीतिक रंजिश में फंसाया गया है। अफजाल अंसारी के खिलाफ कोई साक्ष्य नहीं है। कहा कि घटना के कई साल बाद गैंगस्टर का मुकदमा दर्ज किया गया था।इनके खिलाफ दर्ज मुकदमा फर्जी है। अफजाल पांच बार विधायक और दो बार सांसद चुने गए हैं। बिना भेदभाव के लोगों की मदद करते हैं, इसलिए अपने क्षेत्र में लोकप्रिय हैं। संविधान पर अटूट विश्वास है। इनके पुरखों ने देश की सेवा की है। स्वतंत्रता के लड़ाई में भी भाग लिया है। न्यायमूर्ति संजय कुमार सिंह की कोर्ट में सुनवाई की। सुनवाई टालने और किसी भी तरह के खिलाफ आदेश न होने से फिलहाल अफजाल अंसारी के चुनाव लडने में कोई अड़चन नहीं है। सुप्रीम कोर्ट ने सजा पर रोक लगा रखी है। अब अगली सुनवाई 20 मई को होगी। अफजाल के वकील की ओर से बहस जारी रहेगी।भाजपा विधायक कृष्णानंद राय हत्याकांड में गाजीपुर के मोहम्मदाबाद थाने में अफजाल अंसारी के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट का केस दर्ज किया गया था। गाजीपुर की एमपी एमएलए अदालत ने 29 अप्रैल 2023 को गैंगस्टर मामले में उन्हें दोषी करार देते हुए चार साल की कैद और एक लाख जुमार्ने की सजा सुनाई थी। सजा के खिलाफ अफजाल अंसारी ने इलाहाबाद हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। हाइकोर्ट ने फौरी राहत देते हुए उन्हें जमानत तो दी, लेकिन सजा पर रोक नहीं लगाई। इस कारण उनकी संसद सदस्यता समाप्त कर दी गई थी। इसके बाद उन्होंने हाईकोर्ट के आदेश को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी। सुप्रीम कोर्ट ने अफजाल की सजा पर रोक लगाते हुए हाईकोर्ट में लंबित अपील को 30 जून तक निस्तारित करने का आदेश दिया था। उधर, राज्य सरकार और कृष्णानंद राय के परिवार की ओर से सजा बढ़ाए जाने की अर्जी भी दाखिल की गई है।

## 18 मई को मायावती की जनसभा, बसपा सुप्रीमो 2 साल बाद अपने बिखरे वोटरों को आ रहीं समेटने

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** लोकसभा चुनाव में इलाहाबाद और फूलपुर की सीट बसपा के लिए हमेशा खतरे में ही रही है। अभी तक फूलपुर में सिर्फ एक बार बसपा प्रत्याशी ने जीत हासिल की थी जबकि इलाहाबाद सीट पर बसपा का आज तक खाता नहीं खुल सका। बसपा सुप्रीमो मायावती 2 साल बाद बसपा प्रत्याशियों के समर्थन में जनसभा व रैली करने के लिए प्रयागराज आ रही हैं। वह 18 मई को प्रयागराज के सोरांव क्षेत्र में जनसभा करेंगी। इसके जरिए अपने बिखरे वोटरों को समेटने का प्रयास करेंगी। इसके पहले मायावती 2022 के विधानसभा चुनाव के पहले यहां जनसभा करने आई थीं लेकिन यहां की 12 सीटों पर निराशा ही मिली थी। पार्टी के प्रयागराज मंडल प्रभारी साबिर सिद्दीकी ने बताया कि बसपा प्रमुख के आने से कार्यकताओं का भी उत्साह बढ़ेगा। हम लोग जनसभा की तैयारी में जुटे हैं। 21 मई को पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव मुनकाद अली भी प्रयागराज में जनसभा करने आ रहे हैं।

**फूलपुर से कपिलमुनि करवरिया ने हासिल की थी जीत :**

फूलपुर के लोकसभा चुनाव के इतिहास में सिर्फ एक बार बसपा को जीत मिली थी। वर्ष 2009 के लोकसभा चुनाव में मायावती ने कपिलमुनि करवरिया को अपना प्रत्याशी उतारा था। उस चुनाव को कपिलमुनि जीते और यह सीट बसपा के खाते में आ गई। उसके बाद बसपा हर लोकसभा चुनाव में प्रत्याशी तो उतारती रही लेकिन सफलता नहीं मिली। इस बार मायावती ने इलाहाबाद से रमेश सिंह पटेल तो फूलपुर सीट से जगन्नाथ पाल को प्रत्याशी बनाया है।

## एक्सीडेंट में घायल एक और युवक की मौत

**प्रयागराज।** प्रयागराज में शादी समारोह से शामिल होकर बाइक से लौट रहा था,अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। प्रयागराज उतरांव थाना क्षेत्र के टिकरी गांव में सड़क हादसे में जख्मी एक और युवक ने अस्पताल में दम तोड़ दिया। उसकी पहचान 21 साल के आकाश भारतीय के रूप में हुई है। सोमवार को पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया। उसके बाद शव को परिजन को सौंप दिया।

**एक मई को हुआ था सड़क हादसा**

टिकरी गांव के रहने वाले आकाश भारतीय, शिवम और सतीश गुप्ता एक मई को रघुपुर हंडिया बारात में गए थे। रात को शादी समारोह से घर लौट रहे थे। भेस्की गांव के पास एक अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में टक्कर मार दिया था। हादसे में तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए थे। सतीश गुप्ता पुत्र मोतीलाल गुप्ता की तीन मई को इलाज के दौरान मौत हो गई थी। गंभीर रूप से घायल दूसरे युवक आकाश की सोमवार को मौत हो गई। आकाश चार भाइयों में तीसरे नंबर पर था। उसकी मौत की खबर पाकर उसके घर भीड़ जमा हो गई। शिवम का इलाज चल रहा है। उसकी हालत भी गंभीर है।

## पत्रकार के लाल प्रियांशु ने सीबीएससी बोर्ड में 92.4 प्रतिशत अंक हासिल कर बढ़ाया क्षेत्र का गौरव

**मेजा।** पत्रकार के बेटे प्रियांशु मिश्रा ने सीबीएसई बोर्ड दसवीं की परीक्षा में 92.4 प्रतिशतअंक हासिल कर परिवार के साथ साथ क्षेत्र का भी गौरव बढ़ाया है। मेधावी छात्र प्रियांशु की इस सफलता पर स्थानीय पत्रकारों ने बधाई दिया है।उल्लेखनीय है कि मेजा तहसील क्षेत्र के विकास खंड उरुवा अन्तर्गत स्थित मनू का पूरा गांव निवासी एक हिंदी दैनिक अखबार के वरिष्ठ पत्रकार नीरज मिश्र के बेटे प्रियांशु मिश्र सीबीएसई बोर्ड में दसवीं की परीक्षा में 92.4 प्रतिशत अंक हासिल कर जहां परिवार का नाम रोशन किया है वहीं उसकी इस सफलता ने पूरे क्षेत्र का गौरव भी बढ़ाया है। गौरतलब है कि प्रियांशु मिश्रा बेंथनी कान्वेंट स्कूल नैनी में कक्षा दसवीं के छात्र हैं। प्रियांशु के पिता एक हिंदी अखबार के चर्चित पत्रकार हैं उन्होंने प्रियांशु की इस सफलता के लिए विद्यालय प्रबंधन व शिक्षकों शिक्षिकाओं को धन्यवाद देते हुए आभार जताया है। प्रियाशु के परिवार के लोगों ने खुशी जाहिर करते हुए लोगों को मिठाई खिलाकर मुंह मीठा



कराया। बता दें कि कड़ी मेहनत एवं लगन के साथ शिक्षा ग्रहण कर रहे मेजा लाल प्रियांशु मिश्र ने अपनी इस सफलता का श्रेय अपने माता-पिता तथा विद्यालय प्रबंधन को दिया है। प्रियांशु पढ़ने लिखने में काफी होनहार होने के साथ साथ बेहद संस्कारी छात्र है। कड़ी मेहनत और लगन के साथ
पढ़ाई करना प्रियांशु की प्राथमिकता है। पिता नीरज मिश्र ने बताया कि प्रियांशु बचपन से ही पढ़ने लिखने में काफी तेज है एवं प्रतिभावान रहा है हमेशा मन लगाकर पढ़ाई में लिप्त रहता है। उन्होंने यह भी बताया कि प्रियांशु पढ़ लिखकर पुलिस का बड़ा अफसर बनना चाहता है। फिलहाल मेधावी छात्र प्रियांशु की इस सफलता पर क्षेत्रीय पत्रकारों ने भी खुशी जाहिर करते हुए बधाई दिया है।

## रेलवे सुरक्षा बल ने आपरेशन नन्हे फरिश्ते के अंतर्गत नाबालिग लड़की को चाइल्ड हेल्पलाइन के सुपुर्द किया

**प्रयागराज।** रविवार को रेलवे सुरक्षा बल, प्रयागराज के उप निरीक्षक, श्री गौरव ने मंडल सुरक्षा नियंत्रण कक्ष की सूचना पर गाड़ी संख्या 12301, हावड़ा-नई दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस से घर से भाग कर जा रहे लड़का संदीप, उम्र 18 वर्ष, निवासी हरीपुर, थाना साहब गंज, जिला चंदौली एवं नाबालिग लडकी उम्र 16 वर्ष, निवासी रज्जूपुर पोस्ट विशुनपुर, थाना साहब गंज, जिला चंदौली को अटेंड कर किया । हावड़ा-नई दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस के मुख्य टिकट निरीक्षक, रमण कुमार ने संदीप और उक्त लड़की को बिना टिकट यात्रा करने के लिए 10480/- रुपये किराए के मेमो के साथ ट्रेन अनुरक्षण में तैनात हेड कांस्टेबल, श्री ब्रजेन्द्र सिंह भदौरिया के सुपुर्द कर दिया कर दिया । उप निरीक्षक, श्री गौरव के सुपरविजन में हेड कांस्टेबल, श्री ब्रजेन्द्र सिंह भदौरिया ने लड़का संदीप और नाबालिग लडकी को गाड़ी से उतार लिया । रेलवे सुरक्षा बल ने गाड़ी से उतारी गयी नाबालिग लड़की के पिता को सूचित कर लड़की को चाइल्ड हेल्प लाइन की श्रीमती अर्चना देवी के सुपुर्द कर दिया । बाद में लड़के द्वारा किराया अदा करने पर लड़की के पिता से संपर्क किया गया तो उन्होने कहा लड़के के विरुद्ध कोई कार्रवाई नहीं करना है अतः लड़के को पोस्ट से जाने दिया गया है।

### रेलवे सुरक्षा बल ने यात्रियों के सामान चोरी करने वाले शातिर अभियुक्त को गिरफ्तारी किया

रविवार को रेलवे सुरक्षा बल, प्रयागराज के उप निरीक्षक, नितिन कुमार एवं राजकीय रेलवे पुलिस, प्रयागराज के उप निरीक्षक, वीरेंद्र कुमार शुक्ला द्वारा संयुक्त रूप से यात्री सामान की चोरी की रोकथाम व चोरी में संलिप्त अपराधियों की धरपकड़ हेतु चलाए गए अभियान में प्रयागराज जंक्शन के प्लेटफार्म संख्या 01 के जंक्शन बोर्ड के पास से एक शातिर अभियुक्त को यात्रियों से चुराए गए एक मोबाइल के साथ गिरफ्तार किया गया, जिससे पूछताछ करने पर अभ्युक्त ने अपना नाम विवेक कुमार पुत्र श्री रामप्रकाश पासी, निवासी दीवान खेड़ा थाना असोहा, जिला उन्नाव, उत्तर प्रदेश बताया । अभियुक्त के पास से बरामद किए गए मोबाइल की कीमत लगभग 15,000/- रुपये है। विवेक कुमार मौका पाकर ट्रेनों में यात्रारत यात्रियों के सामान एवं मोबाइल की चोरी कर लेता था। विवेक कुमार के विरुद्ध संबन्धित धाराओं में अपराध पंजीकृत कर लिया गया है।

## मतदाताओं में जागरूकता को लेकर निकाली गई प्रभात फेरी

**राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की रज्जू भैया नगर की ओर प्रतिदिन निकल रही जागरूकता रैली**

**अखंड भारत संदेश**



**प्रयागराज।** मतदाता जागरूकता रैली के तीसरे दिन सोमवार को भी फूलपुर संसदीय क्षेत्र में पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के रज्जू भैया नगर की ओर से सुबह सुबह प्रभात फेरी निकाली गई। आज स्वयंसेवकों ने दुर्गा बस्ती स्थित संघ स्थान से प्रभात फेरी निकाली। जो पूरे मोहल्लों में निकली जहां लोगों को जागरूक किया गया। लोकसभा के चुनाव में शत प्रतिशत मतदान को लेकर कार्यकर्ता प्रतिदिन प्रभात फेरी निकालकर आम मतदाताओं को वोट देने के लिए जागरूक का रहे हैं। प्रभात फेरी के माध्यम से कार्यकताओं ने आम नागरिकों को मतदान करने के लिए प्रेरित किया। कार्यकर्ता स्लोगन लिखी तख्ती और तिरंगा और बैनर लेकर आगे आगे चल रहे थे। स्वयंसेवकों ने प्रभात फेरी में पहले मतदान फिर जलपान वोट हमारा मौलिक अधिकार है वोट डालना आपकी जिम्मेदारी और अधिकार है करे जो अपने राष्ट्र का उत्थान हम करे उसी को मतदान आदि के नारे लगाए। कहा कि मतदान हमारा मौलिक अधिकार है इसलिए हमें मतदान जरूर करना चाहिए ताकि देश विकास के रास्ते पर अग्रसर रहे। मनीष द्विवेदी ने बताया कि 14 मई मंगलवार को नंदी बस्ती स्थित संघ स्थान से प्रभात फेरी निकाली जाएगी।

प्रभात फेरी में संघचालक रवि प्रकाश, सह संघचालक राजकुमार, नगर कार्यवाह भूपेंद्र, धीरज, घनश्याम, अमित, विजय, रामानुज, अनिल, नीरज, हरि प्रसाद, पंकज, रवि पांडेय, नीरज, मनीष द्विवेदी, प्रेम शंकर अनूप कुमार सिंह, अनुराग, वी के पांडेय, हेमंत, चंद्रभूषण, शिव नारायण, कौशल, वी एस चौहान आदि रहे।




## दारागंज नगर निगम द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान के तहत लोगों को किया गया जागरूक

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** नगर के दारागंज मे नगर-निगम द्वारा स्वच्छता अभियान के साथ-साथ सभी सफाई कर्मी 25 मई को होने वाले वोटिग के लिए जोनल अधिकारी संजय मंम्गाई एस एफ आई रंजन श्रीवास्तव द्वारा रैली निकाल कर दारागंज निराला चौराहे से बक्सी कच्ची सडक होते हुए राधानगर कालोनी मे सभी लोगो को मतदान अवश्य कर मत प्रतिशत को बढाने के लिये सपथ दिलाते हुये जोनल अधिकारी ने कहा जितने भी सफाई कर्मचारी है वो हर गली मोल्ले मे लोगो को स्वच्छता के साथ-साथ मतदान करने के लिये जागरूक करते रहेगे साथ ही नगर निगम के स्वच्छता ब्राण्ड एम्बेसडर राजेन्द्र कुमार तिवारी दुकानजी मतदान अवश्य करे स्लोगन लिखे परिधान पहनकर रैली के अगुवाई के साथ-साथ घूम घूम कर लोगो को जागरूक कर कह रहे सारे कार्य छोड कर 25 मई को लोकतंत्र को मजबूत करने के लिये अपना मत देकर अपने कर्तव्य का पालन करे पहले मतदान फिर जलपान उपस्थित लोगो मे डा० प्रवीन मिश्रा संगीता गुप्ता आर आई प्रदीप सफाई नायक और सृष्टी लायंस की टीम सफाई मित्र के अलावा मोहल्ले के लोगो ने अपनी भागीदारी दी।

## न्यूज झरोखा

### प्रयागराज के लोगों के लिए खुशखबरी, आठ करोड़ की लागत से इस सड़क का होगा चौड़ीकरण

**प्रयागराज।** महाकुंभ को लेकर कई सड़कों का चौड़ीकरण किया जाना है। दो किलोमीटर लंबी फोर लेन सड़क को दो विभाग मिलकर चौड़ीकरण करेंगे। एक विभाग लगभग 500 मीटर तक लाला लाजपत राय रोड को सिक्स लेन करेगा। दूसरा विभाग दूरदर्शन केंद्र से कमिश्नर कार्यालय के सामने वाली फोर लेन सड़क को मजार तिराहा तक दो से तीन मीटर तक चौड़ाई बढ़ाएगा। लगभग आठ करोड़ रुपये का बजट खर्च किया जाएगा।लखनऊ, प्रतापगढ़, सुल्तानपुर और अयोध्या की राह को आसान बनाने के लिए मलाक हरहर से स्टेनली रोड (म्योराबाद चौराहा) तक सिक्स लेन पुल का निर्माण सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय की ओर से कराया जा रहा है। सिक्स लेन पुल से संगम की ओर जाने वालों को असुविधा न हो उसके लिए लाला लाजपत राय रोड को सिक्स लेन इसी विभाग की ओर से किया जाएगा।

### वन्दे भारत ट्रेन में एक लीटर मानार्थ पानी बोतल के एवज में 500-500 मिली लीटर की दो बोतले मिलेंगी

**प्रयागराज।** भारतीय रेलवे यात्रियों को सुरक्षित, सुखद और आरामदायक यात्रा के साथ बेहतर सेवाएं सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है` खानपान की सेवाओं को निरंतर यात्रियों की सुविधा के अनुकूल बेहतर बनाया जा रहा है। भारतीय रेल पानी की बचत के लिए भी संकल्पित है` इसी क्रम में रेलवे ने सभी वंदे भारत ट्रेनों में प्रत्येक यात्री को यात्रा प्रारंभ होने पर प्रदान की जाने वाली एक लीटर बोतल के स्थान पर अब 500-500 मिलीलीटर की दो पानी बोतल देने का निर्णय लिया गया है` यह निर्णय शुद्ध पेय जल बचत के उद्देश्य से लिया गया है। प्रायः देखा जाता है कि यात्री को प्रदान की जाने एक लीटर पानी की बोतल, ज्यादातर यात्रीयों द्वारा पूर्ण उपयोग नहीं की जाती थी जिससे शेष पानी बर्बाद जाता था` इस नई पहल से पेयजल की बबार्दी पर अंकुश लगा है और उपलब्ध संसाधन का उच्चतम उपयोग भी हो रहा है` यात्री द्वारा 500 मिलीलीटर की दूसरी पानी की बोतल की डिमांड आवश्यकतानुसार की जा सकती। इस पहल से भारतीय रेल द्वारा हजारों लीटर शुद्ध पेय जल की बचत की जा रही है।

### पीपल के पेड़ से लटका मिला मजदूर का शव

**झूंसी।** बिहार जमालपुर खगड़िया का रहने वाला विशाल कुमार शाह 20 पुत्र स्व. रंजीत शाह का शव सोमवार की सुबह झूंसी रेलवे अंडरपास के पास स्थित पीपल के पेड़ से लटकता मिला। जिससे सनसनी फैल गई। विशाल अपने चाचा के साथ बन रहे रेलवे अंडरपास पर मजदूरी करने आया था। पुलिस ने बताया कि विशाल मजदूर था वह अपने चाचा सहित दर्जन लोगो के साथ बन रहे रेलवे अंडर पास में काम करने आया था। रविवार की रात विशाल सब के साथ खाना खा कर सोया था सुबह उसका शव रस्सी के सहारे पीपल के पेड़ से लटकता मिला। मौके पर लोगो की भीड़ जमा हो गई सूचना पर पहुची पुलिस ने परिजनों को सूचना देकर शव को फंदे से उतार पीएम के लिए भेज दिया।

### मनकामेश्वर मंडल के सेक्टर धरा में पन्ना प्रमुख सम्मेलन का आयोजन

**प्रयागराज।** मनकामेश्वर मंडल के सेक्टर धरा के ग्राम बवंधर में सोमवार को मंडल अध्यक्ष शंकरलाल पाण्डेय की अगुवाई में पन्ना प्रमुख सम्मेलन का आयोजन किया गया। मनकामेश्वर मंडल अध्यक्ष शंकरलाल पाण्डेय ने पन्ना प्रमुखों में जोश भरते हुए कहा कि पन्ना प्रमुख सरकार की नीतियों को जमीन पर उतारते हुए संगठन की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करें। उन्होंने कहा कि पुनः भाजपा सरकार बनाने के लिए एक एक पन्ना प्रमुख संकल्पित है। वहीं पन्ना प्रमुखों ने भी पूरा जोश दिखाते हुए भाजपा जिंदाबाद और जय भाजपा, तय भाजपा के नारे लगाए। इस मौके पर ग्राम प्रधान बवन्धर रमेश कुमार साहू,अतुल कुमार पांडेय (बीएलओ 02), कुशल सिंह मंडल मंत्री,रविन्द्र नाथ तिवारी,विमल तिवारी बूथ अध्यक्ष,राजन पाण्डेय सेक्टर संयोजक, नीरज पाण्डेय सेक्टर प्रभारी,रामभूषण शुक्ला सेक्टर प्रभारी, कमलेश सिंह पोलिंग प्रभारी,अनिल पाण्डेय राजन कुमार सहित अन्य कई लोग उपस्थित रहे।

## मां की ममता हर बुराई से लड़ने और सच्चाई की राह पर चलने की देती है प्रेरणा : अंकिता खेड़ा

**मेजा।** सेंट पीटर्स को-एजुकेशनल इंग्लिश मीडियम स्कूल जनवार मेजारोड में सोमवार को मदर्स डे कार्यक्रम बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान स्कूल में आमंत्रित छात्र - छात्राओं की माताओं की विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिता भी आयोजित की गई जिसमें सभी माताओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। उल्लेखनीय है कि कार्यक्रम में भागीदारी कर रही विजेता माताओं को स्कूल की प्रिंसिपल श्रीमती अंकिता खेड़ा द्वारा मेडल और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। तत्पश्चात कार्यक्रम को संबोधित करती हुई श्रीमती खेड़ा ने कहा कि मदर्स डे हर इंसान के लिए एक विशेष दिन है क्योंकि यह एकमात्र ऐसा दिन है होता है जो हमारी माँ को उसके प्यार और समर्पण के लिए धन्यवाद कहने का मौका देता है। उन्होंने आगे कहा कि माँ हमारी पहली गुरु और आखरी उम्मीद

**सेंट पीटर्स को एजुकेशनल इंग्लिश मीडियम स्कूल में बच्चों के माताओं की प्रतियोगिता आयोजित कर धूमधाम से मनाया मदर्स डे**




होती है। मां वो त्याग और बलिदान की मूर्ति है जो हमारी खुशी में अपनी खुशियां प्रायः ढूंढती है। श्रीमती खेड़ा ने इस मातृ दिवस पर हम सभी को अपनी - अपनी माँ को उनके प्यार त्याग और बलिदान के लिए धन्यवाद देने की अपील करते हुए कहा कि माँ की ममता हमें हर बुराई से लड़ने और हर सच्चाई को स्वीकार करने की शक्ति प्रदान करती है क्योंकि मां का आशीर्वाद हमेशा अपनी संतानों के साथ होती है। मां के रिश्ते से बढ़कर संसार में कोई दूसरा रिश्ता पवित्र नहीं है। उन्होंने कहा की हमें दुनियां में लाने वाली मां पर गर्व है। इसी क्रम में स्कूल के प्रबंधक अभिषेक खेड़ा ने कहा कि मां जीवन का वो स्तंभ है जो पूरे परिवार को संभालने के साथ साथ संतानों की सुरक्षा एवं सुख दुःख की भागीदार होती है। उन्होंने कहा कि माँ शब्द जितना ही होता है इसका महत्व उतना ही विशालकाय है। माँ हमारी पहली सफलता एवं प्राथमिकता है मां की तुलना दुनियां में अतुलनीय है क्योंकि मां के श्री चरणों में ही स्वर्ग है। इस मौके पर स्कूल के शिक्षक शिक्षिकाये छात्र छात्राओं के अलावा बड़ी संख्या में बच्चों की मांताए एवं अभिभावक प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

## भाजपा की हर वर्ग को साधने के लिए सामाजिक नुक्कड़ बैठक

**समाज के प्रभावी एवं प्रवासी नेता इस अभियान को देंगे धार**

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** भारतीय जनता पार्टी लोकसभा चुनाव को लेकर समाज के हर वर्ग को साधने के लिए सामाजिक टोली के माध्यम से समाज के हर वर्ग में भारतीय जनता पार्टी अपनी पैठ बनाने के लिए कारगर कदम उठा रही है जिला प्रवक्ता राजेश केसरवानी ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी संगठन ने इलाहाबाद एवं फूलपुर लोकसभा के चुनाव को लेकर समाज की हर वर्ग को साधने के लिए सामाजिक टोली का गठन किया जो सामाजिक नुक्कड़ बैठक के द्वारा हर समाज के हर वर्ग को साधने काम करेंगे संगठन इन सामाजिक बैठकों में प्रभावी एवं प्रवासी नेताओं को जिम्मेदारी लगाने का कार्य सौंपा है इन सामाजिक नुक्कड़ बैठकों में विशेष रूप से ध्यान यह दिया जा रहा है कि जहां पर पंजाबी, गुजराती ,बंगाली मारवाड़ी, मराठी,वैश्य, पिछड़ा,दलित, ठाकुर,ब्राह्मण, कोल,भूमिहार, जैन, अल्प संख्यक, एवं अन्य वर्ग क्षेत्र के कॉलोनियो में रहने वाले लोगों से उन्ही के समाज से जुड़े प्रभावी एवं प्रवासी नेता नुक्कड़ बैठक करेंगे और उन्हें मोदी सरकार के द्वारा किए गए कार्यों को भारतीय जनता पार्टी के द्वारा चुनावी संकल्प घोषणा पत्र में किए गए वादों को उनके बीच में रखेंगे और भाजपा के प्रत्याशियों को जीताने की अपील करते हुए आशीर्वाद लेंगे।

# न्यू एंजिल्स स्कूल में हाईस्कूल में अरुणेन्द्र सिंह व इंटर में प्रज्जवल रहे अव्वल



मेधावियों का मुंह मीठा करातीं स्कूल की चेयरपर्सन डा0 शाहिदा।

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** आज अपरान्ह सीबीएसई का हाईस्कूल व इंटर का परिणाम आते ही मेधावियों के चेहरे खिले गये। ज्यादातर बच्चे अपने स्कूलों में पहुंचकर अपने साथियों के साथ खुशी मनाई। न्यू एंजिल्स की चेयरपर्सन डा0 शाहिदा ने सभी मेधावियों को मिठाई खिलाते हुए उनके उज्जवल भविष्य के लिये आशीर्वाद दिया।

### मेधावियों के चेहरे खिले, चेयरपर्सन ने मिठाई खिलाकर दी आशीर्वाद

इंटरमीडिएट के परीक्षाफल में प्रज्जवल जायसवाल ने 500 पूर्णांक में 450 अंक, आर्यन यादव ने 447 अंक, शिवांश मिश्रा ने 445 अंक, अंकिता जायसवाल ने 442 व मदीहा शकील ने 437 अक पाकर स्कूल का नाम रोशन किया। इसी तरह हाईस्कूल के परीक्षाफल में अरुणेंद्र सिंह ने 500 पूर्णांक में 489 अंक, आयुषी सिंह ने 478 अंक, राशि उपाध्याय ने 477 अंक, अनन्या सिंह ने 474 अंक, आयुषी शुक्ला ने 472 अंक, देवेश यादव ने 470 अंक, तृषा यादव ने 464 अंक, रुद्रांष प्रताप सिंह ने 456 अंक, अभिमन्यु सिंह ने 450 अंक, मो अबू शाद ने 444 अंक व सौम्या चावला ने 444 अंक पाकर स्कूल का नाम रोशन किया। इस दौरान स्कूल के प्रधानाचार्य डा0 वीके सोनी ने सभी मेधावी बच्चों को बधाई दी।

## सीबीएसई 10वीं में संस्कार की शुभी शर्मा, 12वीं में मोहन सिंह वा अनुष्का टॉपर

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** सीबीएसई की 10वीं व 12वीं की परीक्षा का परिणाम सोमवार को घोषित कर दिया गया। परीक्षा में दसवीं में संस्कार ग्लोबल स्कूल की शुभी शर्मा ने 98.6% अंक हासिल कर जिले की टॉपर बनी। दूसरे स्थान पर सेंट जेवियर स्कूल के प्रत्युष रहे, उन्हें 98.2% अंक मिले। इसी तरह 12वीं की परीक्षा में संस्कार ग्लोबल स्कूल के मोहन सिंह तथा डॉल्फिन पब्लिक स्कूल की अनुष्का शुक्ला ने 94.6 प्रतिशत अंक हासिल कर जिले में टॉप किया। दूसरे स्थान पर संगम इंटरनेशनल स्कूल के सौरभ आर्य रहे, इन्हें 94% अंक हासिल हुआ। इंटर के टॉपर को लेकर तीन विद्यालयों में काफी देर तक भ्रम की स्थिति रही। बाद में सीबीएसई के नोडल एवं न्यू एंजल सीनियर सेकेंडरी स्कूल के प्रिंसिपल बीके सोनी ने बोर्ड से वार्ता करके इस समस्या का हल निकाला।

# राम नारायण इंटर कालेज के मेधावियों को किया गया सम्मानित



स्कूल प्रबंधन द्वारा सम्मानित मेधावीगण।

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** सोमवार को पट्टी तहसील कस्बे में संचालित रामनारायण इंटरमीडिएट कॉलेज में उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद के द्वारा जारी किए गए रिजल्ट में अच्छे परिणाम लाने वाले छात्र-छात्राओं को इंटर कॉलेज परिवार की तरफ से प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

जहां पर अच्छे अंक लाने वाले हाई स्कूल के सुप्रभात, आर्यन गुप्ता, संध्या, निशांत पांडेय, विकास मौर्य, अमन यादव, वंशिका मौर्य, दीपांशु तिवारी, अभिषेक पांडेय, दिव्यांशी यादव एवं इंटरमीडिएट से रजनीश पांडेय, अपूर्व तिवारी, अंशुमन पांडेय, रोजी बानो, आदित्य तिवारी, स्मृति पांडेय, रितिक त्रिपाठी, प्रतीक्षा यादव, निहारिका जायसवाल, प्राची तिवारी, स्नेहा अग्रहरि को क्रमवार गोल्ड सिल्वर कलर का मेडल एवं ट्रॉफी देकर उत्सवर्धन किया गया। कार्यक्रम के शुभारंभ में इंटर कॉलेज में पधारे अतिथियों के द्वारा किया गया। मेधावियों के अभिभावकों पर प्रधानाचार्य विजयंत शर्मा के द्वारा पुष्प वर्षा किया गया एवं कार्यक्रम का संचालन उप पप्रधानाचार्या अनुराधा शर्मा ने किया। इस दौरान छात्र-छात्राओं के अभिभावकों के साथ विद्यालय परिवार से शिक्षक विजय कुमार दुबे, के के मिश्रा, अजय पटेल, देवेंद्र पांडेय, जयशंकर तिवारी, उदयराज, सुजीत शर्मा, नीलम पूनम, अनुराधा मौर्य, सुनीता मौर्य, दीपा पांडेय, लक्ष्मी जायसवाल सहित आला स्टाफ मौजूद रहा।



हस्ताक्षर अभियान में हस्ताक्षर करती महाविद्यालय की छात्राएं।

## साकेत महाविद्यालय में चला मतदाता जागरुकता हस्ताक्षर अभियान

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** साकेत महिला महाविद्यालय दहिलामऊ प्रतापगढ़ के राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वाधान में मतदाता जागरूकता के तहत हस्ताक्षर अभियान चलाया गया जिसमें छात्राओं एवं शिक्षिक/शिक्षिकाओं द्वारा हस्ताक्षर किया गया। छात्राओं को इस आशय से हस्ताक्षर कराया गया कि वे आने वाले लोकसभा चुनाव में स्वयं जागरूक होकर अपने आस-पास के लोगों को मतदान करने हेतु प्रेरित करेगी। और इस वर्ष होने वाले लोकसभा चुनाव में शत्-प्रतिशत मतदान कराने हेतु पूर्ण प्रयास करेगी। कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना की तीनों इकाई के कार्यक्रमाधिकारी डॉ0 अनीता पाण्डेय, डॉ0 प्रतिभा मिश्रा, अनन्त प्रकाश शुक्ला, राजेश श्रीवास्तव और महाविद्यालय के समस्त शिक्षक/शिक्षिकाएं उपस्थित रहीं।

# देश की जनता को मोदी सरकार से मिली निराशाः डा0 एसपी पटेल

### ब्लाक सदर के कई गांव में इण्डिया गठबंधन प्रत्याशी ने किया जनसम्पर्क

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** देश की जनता को मोदी सरकार के कार्यकाल में सिर्फ निराशा और नकारात्मकता मिली है। महंगाई, बेरोजगारी किसी से छुपी नहीं है। सरकार ने जनहित में अपना वायदा पूरा नहीं किया, सिर्फ जुमला और झूठ इन लोगों का सहारा है, किंतु इस बार जनता जाग चुकी है और वोट की चोट देने जा रही है।

उक्त बातें लोकसभा चुनाव को लेकर इंडिया गठबंधन के सपा प्रत्याशी डॉक्टर एसपी सिंह पटेल ने सोमवार को गठबंधन के कार्यकर्ताओं संग जिले के विधानसभा प्रतापगढ़ क्षेत्र के ब्लाक सदर के ग्राम सोनावा, दहिलामऊ, प्रतापगढ़ शहर में लोगों से मुलाकात व जनसंपर्क तथा बैठक के जरिए लोगों से अपने पक्ष में जन समर्थन मांगते हुए कहा। उन्होंने कहा कि वह क्षेत्र की जनता के मान-सम्मान के लिए सदैव तत्पर हैं। जनसम्पर्क के दौरान विधानसभा अध्यक्ष राम बहादुर पटेल, महिमा गुप्ता, शिवबरन मिश्रा, सुरेश फौजी, अमित मिश्रा, राहुल सिंह ,आबिद, अब्दुल, रहमान, पंकज सरोज, हरिशंकर तिवारी, मुन्ना चैबे आदि लोग मौजूद रहे। वहीं दूसरी ओर पट्टी विधानसभा विधायक राम सिंह पटेल रानीगंज विधानसभा के ठाठेरीपुर गांव में आयोजित समाजवादी पार्टी की नुक्कड़ सभा में सम्मिलित हुए और साथ ही ग्राम पंचायत रस्तीपुर में दिनेश पटेल जी के आवास पर पहुंचकर प्रतापगढ़ समाजवादी पार्टी लोकसभा प्रत्याशी डॉक्टर एसपी सिंह पटेल को जिताने कि अपील की। इस मौके पर रानीगंज विधानसभा अध्यक्ष समाजवादी पार्टी शेर बहादुर यादव, संतोष यादव (जिला पंचायत), जिला उपाध्यक्ष डॉ शेर बहादुर यादव, भैयाराम यादव रानीगंज नगर अध्यक्ष, दिनेश पटेल, हरिश्चंद्र पटेल, नीरज कुमार, रंजीत मौर्या, राजेश शर्मा, उत्तम सिंह यादव आदि लोग मौजूद रहे। इसी क्रम में दूसरी ओर गठबंधन के सपा प्रत्याशी के समर्थन में पूर्व एमएलसी सपा नेत्री कांति सिंह पटेल ने सोमवार को जिले के विधानसभा विश्वनाथगंज क्षेत्र के नगिया का पुरवा, हसनापुर, मझिगवा, पर्वतपुर, बेलखरी, उडी का डीह, टीकरी, धौरारा, सराय मुरारी सिंह, पुरैली, खुशहाल गंज बाज़ार सहित दर्जन भर क्षेत्रों में जनसंपर्क कर गठबंधन के प्रत्याशी डॉ एसपी सिंह पटेल के समर्थन में लोगों से सहयोग की अपील की। इस मौके पर पूर्व जिलाध्यक्ष समाजवादी पार्टी भैयाराम पटेल, सत्य नारायन यादव, प्रमोद पटेल, प्रेमचंद्र, कल्लू सरोज, आदि लोग मौजूद रहे। इसी क्रम में इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी के निर्वाचन अभिकर्ता सुशील कुमार ने विधानसभा पट्टी में गठबंधन के कार्यकर्ताओं संग जनसंपर्क अभियान में शामिल होकर गठबंधन के सपा प्रत्याशी डॉक्टर एसपी सिंह पटेल के पक्ष में समर्थन मांगा। वही सपा नेता डॉ महेन्द्र दुबे ने रानीगंज विधान सभा क्षेत्र के भवानी गढ़ सुल्तानपुर, सुजहा, कोठरा, अमरई,वसंत पट्टी, परसामऊ, सेनापुर, चन्दा का पूरा आदि गांवों मे जन संपर्क कर लोकसभा प्रत्याशी डॉ एसपी सिंह पटेल को जिताने की अपील की। प्रतापगढ़ के जिला महासचिव समाजवादी पार्टी अब्दुल कादिर जिलानी ने विधानसभा प्रतापगढ़ में महेंद्र बौध जी से मुलाकात की और लोकसभा प्रत्याशी डॉ एसपी सिंह पटेल के जनसमर्थन माँगा, इस मौके पर पूर्व विधायक नागेन्द्र सिंह यादव (मुन्ना यादव) भी मौजूद रहे।



सदर क्षेत्र में आयोजित बैठक में बोलते इण्डिया गठबंधन प्रत्याशी डा0 एसपी सिंह पटेल।

# सर्वसमाज के सम्मान पर नहीं आने देंगे आंचः प्रथमेश

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** जिले में गरीब परेशान है, व्यापारी पीड़ित है और सर्वसमाज के सम्मान से खिलवाड़ किया गया, ऐसा अब भी हो रहा है। यह बात संसदीय क्षेत्र प्रतापगढ़ से बसपा के उम्मीदवार प्रथमेश मिश्र सेनानी ने पट्टी इलाके में जनसंपर्क के दौरान रविवार को कही।

उन्होंने कहा कि प्रतापगढ़ में बीजेपी उम्मीदवार विकास कार्य बहुत गिनाते हैं, लेकिन धरातल पर कुछ नहीं दिखाते। जनता को बताएं और दिखाएं कि उनके कार्यकाल में जिले को क्या मिला। लोगों को भाजपा व उसके नेता जनता को गुमराह कर रहे हैं। प्रथमेश ने कहा कि प्रतापगढ़ का पिछड़ापन अखरता है। महापुरुषों, किसान आंदोलन, युवा शक्ति की यह गौरवशाली धरती विकास के नाम पर कहीं नहीं गिनी जाती। इसकी पहचान को बनाने, जनता का खोया सम्मान लौटाने के लिए बसपा ने हमें टिकट दिया है। युवा, महिला, बुजुर्ग सब हमसे तेजी से जुड़ रहे हैं। सेवा का अवसर मिलने पर जिले की तस्वीर बदली जाएगी। बिना भेदभाव के विकास होगा। इस मौके पर बसपा जिलाध्यक्ष सुशील कुमार गौतम, अश्वनी राणा, प्रथमेश की पत्नी प्रीती मिश्रा समेत पार्टी के लोग व कार्यकर्ता मौजूद रहे।



लोगों से मुलाकात करते बसपा प्रत्याशी प्रथमेश मिश्रा।

# पं0 सूर्यबली पाण्डेय लोकतंत्र की रक्षा के लिए 19 माह जेल के रहे साथी

### सद्भावना दिवस के रुप में मनी स्वतंत्रता संग्राम सेनानी की 20वीं पुण्यतिथि

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** बैकुंठवासी पंडित सूर्य बली पांडेय एडवोकेट रामानुज दास स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एवम् लोकतंत्र रक्षक सेनानी की 20वीं पुण्यतिथि रविवार को सद्भावना दिवस के रूप मनायी गयी। कार्यक्रम पंडित ओम प्रकाश पांडे अनिरुद्ध रामानुजदास द्वारा आर डी यस जीआईसी विद्यालय प्रांगण सूर्य नगर बढ़नी अजगरा रानीगंज प्रतापगढ़ मे धार्मिक सामाजिक तथा राजनैतिक कार्यक्रम के बीच संपन्न हुआ।

कार्यक्रम की शुरुआत सुंदर कांड पाठ आरती उपरांत कवियत्री कल्पना तिवारी के द्वारा मां वीणा वादिनी की वंदना से हुई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अपना दल एस प्रदेश अध्यक्ष पूर्व सदर विधायक राज कुमार पाल तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता लोकतंत्र रक्षक सेनानी पंडित रामसेवक त्रिपाठी वरिष्ठतम् अधिवक्ता ने किया। कार्यक्रम का संचालन कवि अनूप त्रिपाठी ने किया। कार्यक्रम की ऊंचाई दिलाने में कवियों में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करने वालों में मुख्य रुप से वरिष्ठ कवि अनीस देहाती, प्रेम कुमार त्रिपाठी प्रेम, सुरेश दुबे व्योम, अरुण रत्नाकर, हरिवंश शुक्ल शौर्य, चंद्रशेखर शुक्ल विकास, संतोष मिश्र आदि रहे। राष्ट्रीय उन्नयन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि राज कुमार पाल ने स्वर्गीय पंडित सूर्य बली पांडे के जीवन शैली पर चर्चा करते हुए कहा कि हमें ऐसे महापुरुषों की पदचिन्हों पर चल कर एक अच्छे समाज का निर्माण करते हुए राष्ट्र को ऊंचाई पर ले जाने की सीख लेनी चाहिए। विशिष्ट अतिथि प्रशांत शुक्ल ने चर्चा में भाग लेते हुए कहा कि इस तरह के कार्यक्रमों से एक तरफ जहाँ अपने महापुरुषों के विषय में जानकारी मिलती है वहीं युवाओं मे उनके पदचिन्हों पर चलने का जोश भी पैदा होता है। अपने अध्यक्षीय भाषण में लोकतंत्र रक्षक सेनानी पंडित राम सेवक त्रिपाठी एडवोकेट प्रशांत ने पंडित सूर्यवली पांडे के साथ आपातकाल में जेल में बिताए पलों का याद ताजा करते हुए लोगों के बीच साझा किया। कार्यक्रम के आयोजक पंडित ओम प्रकाश पांडे अनिरुद्ध रामानुजदास महाराज ने कहा कि हमें अपने बुजुर्गों का सम्मान करना चाहिए।



स्वतंत्रता संग्राम सेनानी की पुण्यतिथि पर मौजूद अतिथिगण।

## राजा भैया आज खोलेंगे समर्थन का पिटारा

### बेंती महल मे कार्यकर्ताओं के साथ बैठक के बाद होगा खुलासा

**अखंड भारत संदेश**

**कुण्डा, प्रतापगढ़।** इस बार हो रहा लोकसभा चुनाव भी अजीबो गरीब मंजर दिखने को मिल रहा है। लोकसभा के लिए पांचवे चरण मे 20 मई को होने वाले चुनाव मे राजा भैया का समर्थन किसको मिलेगा वो आज देर शाम तक इसका खुलासा हो जायेगा। 14 मई को जनसत्ता दल लोकतान्त्रिक के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजा भैया ने अपने बेती महल मे मंगलवार को शाम 5 बजे एक बैठक बुलायी है, जहां समर्थन किसको देना है इस बात ओर कार्यकर्ताओं से रायशुमारी करके निर्णय लिया जायेगा। जनसत्ता दल के आखिरी विन्दु पर स्थित कार्यकर्ताओं से सलाह लेकर ही कोई निर्णय लिया जायेगा। बेंती महल मे 14 को को सभी कार्यकर्ता, जिला पंचायत सदस्य, क्षेत्र सदस्य, क्षेत्र पंचायत सदस्य सभी प्रधान गण व पदाशिकारी तथा सभी पदाधिकारिओ से चर्चा करके इस संवेदनशील विषय पर निर्नय लिया जाएगा। बताते चलें की राजा भैया और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के बीच एक सप्ताह पूर्व बैंगलोर मे हुयी मुलाक़ात के बाद ये कयास लगना तेजी से शुरु हो गया था कि 12 मई को बाबागंज विधानसभा के हीरागंज में प्रस्तावित अमित शाह की चुनावी सभा मे राजा भैया सम्मिलित होंगे, लेकिन जब ऐसा नही हुआ तो एक बार फिर से अनुमानो का बाजार गरम हो गया, लेकिन उसी दिन शाम को राजा भैया ने समर्थन के मुद्दे पर कार्यकर्ताओं की बैठक बुलाकर हवा का रुख मोड़ने की कवायद से मामला फिर सुर्खियों में आ गया है।

## प्रधान पति व शिक्षक को अज्ञात बदमाशों ने मारी गोली

### बच्चों का सामान लेने स्कूल से जा रहे थे कटका बाजार

**प्रतापगढ़।** अंतू थाना क्षेत्र के कोलबजरडीह गांव निवासी बसंत सिंह थाना क्षेत्र के ग्राम सभा कटका मानापुर में स्थित प्राथमिक विद्यालय हरिशंकरी में शिक्षक है। उनकी पत्नी अनीता सिंह कोलबजरडीह गांव की ग्राम प्रधान है। सोमवार को करीब 9 बजे वह विद्यालय से स्कूल के बच्चों के लिए सामान लेने बाइक से कटका बाजार जा रहे थे। कटका शीतलागंज मार्ग पर विद्यालय जाने वाली तिराहे पर इंटरलॉकिंग सड़क पर पहुंचे तभी अज्ञात हमलावरों ने उन पर गोली मार दी। जानकारी के अनुसार गोली उनके पैर और पेट में लगी है। हमलावर गोली मारने के बाद शीतलागंज की तरफ भाग निकले। सूचना पर पहुंची पुलिस घायल शिक्षक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए। वहां डॉक्टरों ने जिला मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया है। जिला मेडिकल कॉलेज में उनका इलाज चल रहा है। जिला मेडिकल कॉलेज में मौके पर सीओ सिटी शिवनारायण वैश और थाना अध्यक्ष जितेंद्र सिंह मौके पर मौजूद है।

# ....ये भारत है यहां की दोस्तों मिटटी में खुशबू है

### हण्डौर में राष्ट्रीय कवि सम्मेलन व मुशायरे में गीत तथा शायरी की बंधी समां

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** सगरा सुंदरपुर के हण्डौर में सावित्री शैक्षणिक एवं समाज कल्याण समिति के बैनरतले तेईसवां राष्ट्रीय कवि सम्मेलन एवं मुशायरा आयोजित हुआ। हण्डौर स्थित आंचल पब्लिक स्कूल के प्रांगण में हुए साहित्यिक आयोजन में कवियों व कवयित्रियों ने राष्ट्रीय तथा सामाजिक पटल पर काव्य पाठ कर लोगों को मंत्रमुग्ध किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ भाजपा नेता ओमप्रकाश पाण्डेय गुडडू तथा समाजसेवी राणा सूबेदार सिंह ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। कवयत्री विभा शुक्ला की वाणी वंदना मनमोहक रही। गीतकार सुरेश नवीन ने पढ़ा-कभी सुबह में आयेगे कभी शाम में आयेगे, तुम्हारे प्यार का हर दिन नया पैगाम लायेगें। वहीं हास्य कवि चंद्रप्रकाश मंजुल ने पढ़ा-हम डाक्टर झोलाछाप अही पढ़कर लोगों को खूब गुदगुदाया। शायर खलील फरीदी ने फूल कांटे क्या हर एक पत्ती में खुशबू.. ये भारत है यहां की दोस्तों मिटटी में खुशबू है पर खूब तालियां बजी। विभा शुक्ला ने पढ़ा- अगर मिले न कहीं ठिकाना पता हमारा संभालकर रखना भी लोगों को पसन्द आयीं। ओजकवि अभिजीत त्रिपाठी की देशभक्ति से प्रेरित रचना भी पसन्द आयी। राधेश पाण्डेय, रामबदन शुक्ल, गजेन्द्र सिंह विकट, आंजनेय शुक्ल की भी कविता लोगों मे पसन्द आयी दिखी। अध्यक्षता हरिवंश शुक्ल शौर्य तथा संचालन बिहारी लाल अंबर ने किया। अतिथियों का स्वागत संजय शुक्ल व अविनाश पाण्डेय तथा आभार प्रदर्शन कार्यक्रम के संयोजक कवि अनूप त्रिपाठी ने किया। इस मौके पर शिवप्रकाश मिश्र सेनानी, राजेश मिश्र, दिलीप तिवारी, केपी सिंह, मथुरा प्रसाद यादव, श्यामजी जायसवाल, सरदार इंद्रजीत सिंह, शिवम त्रिपाठी, विनोद पाण्डेय, राजकुमार दुबे, विवेक कुशवाहा आदि मौजूद रहे।

## सामान्य प्रेक्षक एवं सीडीओ ने मतदान कार्मिकों के प्रशिक्षण स्थल का किया औचक निरीक्षण

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को निष्पक्ष, सकुशल एवं पारदर्शी ढंग से सम्पन्न कराने के लिये जनपद में मतदान अधिकारियों और कार्मिकों के चल रहे प्रशिक्षण केन्द्रों सेन्ट एन्थोनी इण्टर कालेज एवं राजकीय इण्टर कालेज का सामान्य प्रेक्षक पवन कुमार मालापति एवं मुख्य विकास अधिकारी/प्रभारी अधिकारी मतदान कार्मिक नवनीत सेहारा ने औचक निरीक्षण किया और विभिन्न कक्षों में जाकर पीठासीन अधिकारियों और मतदान अधिकारियों से प्रश्न पूछे और प्रशिक्षण प्रक्रिया से संतुष्ट हुये। उन्होने विभिन्न प्रश्न पूछे जैसे सीआरसी क्या होता है, 17ए क्या है, 17सी कितने कापी में भरा जाता है, एएसडी सूची क्या होती है इस सूची के मतदाता का वोट कैसे कराया जायेगा, दो बैलेट यूनिट कैसे जोड़ी जायेगी एवं अन्य सामान्य निर्वाचन की प्रक्रिया की विस्तार पूर्वक जानकारी प्राप्त की। मुख्य विकास अधिकारी ने मतदान कार्मिकों से कहा कि जनपद प्रतापगढ़ में लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को निष्पक्ष और सकुशल सम्पन्न करायें, सभी पीठासीन अधिकारी एमपीएस ऐप डाउनलोड करके ही जाएंगे। पावर प्वाइन्ट प्रजेन्टेशन के माध्यम से राज्य स्तरीय सुपर मास्टर ट्रेनर डा0 मो0 अनीस, डा0 विन्ध्याचल सिंह और एआरपी धर्मेन्द्र ओझा ने ईवीएम, एएसडी सूची, टेण्डर वोट, चैलेन्ज वोट, टेस्ट वोट, प्रतापगढ़ लोकसभा क्षेत्र में दो वैलेट यूनिट लगेगी एक नम्बर की वैलेट यूनिट वीवीपैट से जायेगी और दो नम्बर की वैलेट यूनिट को एक नम्बर वैलेट यूनिट से जोड़ा जायेगा आदि के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी राकेश प्रसाद, जिला विद्यालय निरीक्षक सरदार सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी भूपेन्द्र सिंह, प्रधानाचार्य कुलश्रेष्ठ तिवारी, प्राचार्य अफीम कोठी मंजू वर्मा, डॉक्टर विंध्याचल सिंह, डॉ मोहम्मद अनीस सहित प्रशिक्षु उपस्थित रहे।

## पांच के खिलाफ मारपीट का केस दर्ज

**पट्टी, प्रतापगढ़।** विजहरा गांव में तीन दिन पूर्व मामूली कहासुनी के बाद गांव निवासिनी उर्मिला देवी (37) को गांव के ही कुछ लोगों द्वारा मारपीट कर घायल कर दिया गया था, मामले में उर्मिला देवी के पति उमाशंकर यादव की तहरीर पर कंधई पुलिस ने पांच लोगों के खिलाफ मारपीट कर घायल करने सहित अन्य धाराओं में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी। एसओ कंधई प्रदीप कुमार ने बताया कि उमाशंकर की तहरीर पर विजहरा गांव निवासी श्याम मिलन यादव, शेषमणि यादव, राकेश यादव, दिनेश कुमार यादव तथा चंदू यादव के खिलाफ केस दर्ज कर जांच की जा रही है।

## ट्रक व बाइक की टक्कर में बाइक सवार युवक की मौत

**प्रतापगढ़।** रानीगंज थाना क्षेत्र के देवगढ़ कमासिन गांव के समीप एक ट्रक की बाइक में भिड़त हो गई जिससे बाइक सवार युवक की मौत हो गई। बता दें कि मृतक सुरेश कुमार पुत्र प्रेम शंकर अपने जीजा आशीष गौतम के साथ मौसी के घर नरी गांव बाइक से जा रहा था तभी देवगढ़ कमासिन के पास एक ट्रक चिरकुट्टी की तरफ से आ रही थी, तभी ट्रक व बाइक की आमने-सामने टक्कर हो गई। इस दौरान सुरेश कुमार गंभीर रुप से घायल हो गया और उसने मौके पर दम तोड़ दिया।

## वृद्ध का अपरहण कर रिश्तेदारों ने की हत्या

### मामले में दी गई नामज़द तहरीर

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** कोहड़ौर थाना क्षेत्र के भौसिया गांव के एक वृद्ध का उसके रिश्तेदारों ने अपहरण कर लिया और उसके बाद उसकी जमीन को अपने नाम बैनामा करने के बाद उसकी हत्या कर दी। वृद्ध की मौत पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर अन्त्य परीक्षण के लिये भेजा है। वृद्ध की मौत के मामले में नामजद तहरीर दी गई है। पुलिस जांच कर रही है। भौसिया गांव की रहने वाली नसरीन का है आरोप कि उसके ससुर आशिक अली का उसके रिश्तेदार अपहरण कर लिये थे और अपहरण करने के बाद अपने नाम भूमि का बैनामाकरवा लिए। भूमि का बैनामा होने की जानकारी होने के बाद नसरीन के पति ने राजस्व न्यायालय में खारि़ज-दाखिल में आपत्ति लगा दी जिससे भूमि का खारिज-दाखिल नहीं हो पाया। रविवार को दोपहर में भी नसरीन ने अपने रिश्तेदारों से अपने ससुर को छुड़वाने के लिए तहरीर दी लेकिन पुलिस ने कोई कार्यवाही नहीं की। नसरीन का है आरोप कि कोहड़ौर थाना क्षेत्र के वाजिदपुर गांव व धरौली मुफरीद गांव के रहने वाले उसके रिश्तेदारों ने बैनामें की जमीन को हड़पने के उद्देश्य से उसके ससुर आशिक अली की हत्या की गई है। वृद्ध की मौत के बाद जागी कोहड़ौर पुलिस ने वृद्ध के शव को पीएम के लिए भेजा।

# कौशाम्बी संदेश

## इंटरलॉकिंग ईंट लोडकर जा रहा ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलटा 4 मजदूर, बाइक सवार दबे, एक की हुई मौत

**कौशाम्बी।** जिले ने ईट की फैक्ट्री से इंटरलॉकिंग ईंट लोडकर जा रहा ट्रैक्टर ट्रॉली ने बाइक सवार को कुचलते हुए अनियंत्रित होकर पलट गया,ट्रैक्टर पलटने से उसमे बैठे 4 मजदूर दबकर घायल गए,वही बाइक सवार भी घायल हो गया,सभी घायल मजदूरों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया,जहा इलाज के दौरान एक मजदूर की मौत हो गई,जबकि दो अन्य मजदूरों को प्रयागराज के लिए रेफर किया गया है।



जानकारी के मुताबिक मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र के नारा गांव के पास इंटरलॉकिंग ईंट लोडकर जा रहा ट्रैक्टर बाइक सवार को कुचलते हुए अचानक अनियंत्रित हो गया और पलट गया,जिसमें बाइक सवार ओम प्रकाश उम्र 37 वर्ष पुत्र राज कुमार धाता थाना धाता,जनपद फतेहपुर, मजदूर सुरेश कुमार उम्र 42 वर्ष पुत्र राम बख्श निवासी बछरौली थाना धाता जनपद फतेहपुर,संत लाल उम्र 55 वर्ष पुत्र स्वर्गीय गजाधर गाँव बछरौली थाना धाता,जनपद फतेहपुर,संजय पुत्र अज्ञात निवासी केवटमई थाना धाता जनपद फतेहपुर और कल्लू पुत्र राम बख्श निवासी बछरौली थाना धाता जनपद फतेहपुर दब गए और गंभीर रूप से घायल हो गए वहां पलटते ही घटनास्थल पर चीख पुकार मच गया हादसा देखकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और वाहन के नीचे दबे लोगों को सामान हटाकर बाहर निकाला सूचना पुलिस को दी गई जानकारी मिलते ही घटनास्थल पर 108 एंबुलेंस भी पहुंच गयी एंबुलेंस के जरिए घायलों कों जिला अस्पताल भेजा गया जहाँ पर सभी का इलाज किया जा रहा है, वही इलाज के दौरान मजदूर सुरेश कुमार की मौत हो गई मामले की जानकारी मिलते ही मजदूर के परिवार में कोहराम मच गया है और घायल लोगों के परिवार के लोग जिला अस्पताल पहुंच गए हैं पुलिस ने मजदूर के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### मौत देने वाले ट्रैक्टर ट्राली का नहीं होता रजिस्ट्रेशन

**कौशांबी।** ट्रैक्टर की ट्रालियों का रजिस्ट्रेशन नहीं है फिर भी ईट बालू इंटरलॉकिंग ईट गिट्टी मिट्टी अनाज लकड़ी आदि के परिवहन में अवैध तरीके से ट्रैक्टर और ट्रॉली सड़कों पर दौड़ रहे हैं आखिर इन्हें किसका परमिट मिला हुआ है इनसे वसूली कौन कर रहा है मौत देने वाले इन अवैध ट्रैक्टर ट्रॉली पर सड़को पर चलने पर पूरी तरह से रोक क्यों नहीं लगाई जाती है मौत देने वाले वाहनों से किन अधिकारियों का गहरा रिश्ता है यह बड़ी जांच का विषय है जिले में सबसे अधिक दुर्घटनाएं ट्रैक्टर और उसकी ट्राली से हो रही है जबकि परिवहन विभाग में ट्रालियों का रजिस्ट्रेशन नहीं है फिर भी ट्रालियां सड़कों पर बेखय्फ तरीके से दौड़ती है ट्रैक्टर के चालकों के पास मोटर व्हीकल एक्ट के अंतर्गत हाईवे ड्राइविंग लाइसेंस नहीं है एलएमवी लाइसेंस लेकर या दो पहिया वाहन का लाइसेंस लेकर के ट्रैक्टर और ट्राली सड़कों पर दौड़ाई जा रही है मौत के गुनहगारों से रिश्ता रखने वाले परिवहन विभाग और थाना पुलिस के साथ-साथ यातायात पुलिस के कारनामों की जांच हुई तो जहां अवैध ट्रैक्टर ट्राली का संचालन बंद होगा वही इन्हें बढ़ावा देने वालों का नाम उजागर होगा।

## रेल लाइन पर मिला स्कूली छात्रा का शव

**कौशाम्बी।** कोखराज थाना क्षेत्र के भरवारी में स्कूली छात्रा ने ट्रेन के आगे कूदकर जान दे दी, छात्रा द्वारा सुसाइड किए जाने की सूचना पर परिजनो में कोहराम मचा गया। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने छात्रा के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया और जांच में जुट गई। घटना कोखराज थाना क्षेत्र के नगर पालिका परिषद भरवारी के रोही की है,जहा परसरा की रहने वाली कक्षा 9 की छात्रा ने ट्रेन के आगे कूदकर अपनी जान दे दी,छात्रा की मौत की सूचना जैसे ही परिजनों को मिली,परिजनो में कोहराम मच गया,परिजन रोते बिलखते घटनास्थल पर पहुंच गए। कोखराज थाना क्षेत्र के नगर पालिका परिषद भरवारी के परसरा निवासी कैलाश सरोज की 15 साल की बेटी नैनसी भरवारी कस्बे के कस्तूरबा गांधी कन्या इंटर कालेज में कक्षा 9 की छात्रा थी,कहा जा रहा है कि नैनसी सोमवार की स्कूल आई थी,स्कूल में टीसी मांग रही थी,इस दौरान टीचर से बहस हो गई और वह नाराज होकर बाहर निकल गई, लेकिन स्कूल से वापस जाने के दौरान उसका शव रेलवे लाइन पर क्षत विक्षत हालत में मिलावह रेलवे लाइन पर कैसे पहुंची नहीं पता चल सका है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

## चौथे दिन भी मतदान कार्मिकों एवं द्वितीय पाली में दिव्यांग बूथ व युवा बूथ के मतदान कार्मिक को दिया गया द्वितीय प्रशिक्षण



**कौशाम्बी।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को सकुशल सम्पन्न कराये जाने के लिए आज चौथे दिन एम0वी0 कान्वेट स्कूल एण्ड कालेज,ओसा में मास्टर ट्रेनरों द्वारा पोलिंग पार्टी के समस्त मतदान कार्मिकों को सामान्य, ई0वी0एम0, एम0पी0एस0 ऐप एवं वेबकास्टिंग का प्रशिक्षण दिया गया तथा समस्त पोलिंग पार्टी के पीठासीन अधिकारी के मोबाइल में एमपीएस ऐप को इंस्टॉल भी कराया गया। मास्टर ट्रेनर राकेश कुमार सिंह एवं विकास पाण्डेय द्वारा मतदान कार्मिक-पीठासीन अधिकारी, मतदान अधिकारी प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय को उनके कार्यां एवं दायित्वों की जानकारी/प्रशिक्षण दिया गया। मास्टर ट्रेनर द्वारा सामान्य प्रशिक्षण यथा-वास्तविक मतदान तिथि के एक दिन पूर्व (पोलिंग पार्टी रवानगी के दिन) के कार्य/दायित्व की विस्तृत जानकारी/प्रशिक्षण दिया गया। इसी प्रकार मतदेय स्थल पर की जाने वाली कार्यवाही,बूथ व्यवस्था,वास्तविक मतदान के दिन की कार्यवाही, मॉक पोल, ईवीएम मशीनों का संयोजन, विशेष परिस्थिति आने पर की जाने वाली कार्यवाही, मतदान समाप्ति के नियत समय पर की जाने वाली कार्यवाही, मतदान समाप्ति के बाद की जाने वाली कार्यवाही आदि के बारे में विस्तृत जानकारी/प्रशिक्षण दिया गया। ई0वी0एम0 का प्रशिक्षण यथा-वीवीपैट, बैलेट यूनिट एवं कन्ट्रोल यूनिट को आपस में संयोजित करना, मॉक पोल, स्पेशल टैग लगाना, ईवीएम मशीन की सीलिंग एवं मतदान से सम्बन्धित विभिन्न प्रक्रियाओं के विषय में विधिवत प्रशिक्षण दिया गया। तकनीकी सहायक प्रशिक्षण दिलीप कुमार वर्मा द्वारा मतदान कार्मिकों को मतदान प्रतिशत संकलन ऐप मे समय-समय पर दी जाने वाली सूचनाओं की प्रक्रिया का प्रशिक्षण प्रदान करते हुए पूरी ऐप पर किये जाने वाले समस्त कार्यों को डेमो वीडियो के माध्यम से भी प्रदर्शित कर अवगत कराया गया ई-डिस्ट्रिक्ट मैनेजर कीर्त कुमार द्वारा मतदान केंद्र पर होने वाली वेबकास्टिंग प्रक्रिया से अवगत कराते हुए उसमे लगे कैमरा के एंगल एवं सावधानियों के विषय में बताया इस अवसर पर प्रभारी अधिकारी कार्मिक/मुख्य विकास अधिकारी डॉ0 रवि किशोर त्रिवेदी, अपर जिलाधिकारी प्रबुद्ध सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक सच्चिदानंद यादव व जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कमलेंद्र कुमार कुशवाहा सहित अन्य संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## लोकसभा चुनाव को लेकर चेकिंग चालू

### अस्थाई टेंट लगाकर पुलिस तैनात, बॉर्डर पार से आने वालों पर कड़ी नजर

अखंड भारत संदेश



**अझुवा कौशांबी।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 जैसे-जैसे चुनाव नजदीक है वैसे-वैसे सुरक्षा की दृष्टि से चाक चौबंद की जा रही है. जिले के बॉर्डर पर अब पुलिस तैनात कर दी गई है, ऐसे में अब बाहर से आने जाने वाले प्रत्येक राहगीरों की बगैर चेकिंग किए प्रवेश नहीं दिया जा रहा है फिलहाल सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस ने अस्थाई टेंट बनाकर गार्ड तैनात कर दिया गया है। दरअसल 20 मई को कौशांबी जिले में चुनाव है ऐसे में सुरक्षा की दृष्टि से देखते हुए कौशांबी पुलिस ने कनवार बॉर्डर पर भारी सुरक्षा बढ़ा दी गई है. सैनी कोतवाल जे के शर्मा चौकी इंचार्ज अझुवा अरुण कुमार मौर्य,पथरावा चौकी इंचार्ज आलोक राज द्वारा पुलिस बल के साथ बाहर से आने वाले हर व्यक्ति की यहां पर चेकिंग की जा रही है तत्पश्चात जिले में प्रवेश दिया जा रहा है। दूसरे जिले राज्य से कौशांबी जिले में आने जाने वाले लोगो पर सख्ती से पूछताछ सर्चिंग किए बगैर जिले में प्रवेश नही दिया जा रहा है अस्थाई टेंट बनाकर आने-जाने वाले लोगों को रोका जा रहा है. चार और दोपहिया वाहन चालकों को जांच पड़ताल के बाद ही आगे जाने दिया जा रहा है. जो भी वाहन और व्यक्ति संदिग्ध नजर आ रहे हैं, वाहन के कागजात देखने के साथ ही उस पर सवार लोगों के बारे में सभी जानकारियां ली जा रही है।

## पेट्रोल भराने जा रहा युवक सड़क दुर्घटना में गम्भीर घायल

**कौशाम्बी।** कोखराज थाना अंतर्गत परसरा चौराहे के पास इंडियन आयल पेट्रोल पंप पर अपनी दोपहिया वाहन में पेट्रोल लेने जा रहा युवक सड़क दुर्घटना में घायल हो गया। मिली जानकरी के अनुसार भगवानदीन उम्र 25 वर्ष पुत्र संतर निवासी बालकमऊ अपनी दोपहिया वाहन से आशीष उम्र 15 वर्ष पुत्र बुधयी के साथमें पेट्रोल भराने परसरा चौराहा जा रहा था जैसे ही यह दोनों पेट्रोल पंप के पास पहुचे ही थे कि सामने से आ रही दूसरी दोपहिया वाहन ने टक्कर मार दी जिससे भगवानदीन को गंभीर चोटे आ गयीं। आवाज सुन आस पास के लोग घटना स्थल पर पहुंचे और 108 एम्बुलेंस की मदद से भगवानदीन को जिला अस्पताल मंझनपुर में भर्ती करवाया। हादसे में अन्य लोगों को भी चोट लगी है जिनका इलाज अन्य अस्पतालों में चल रहा है जानकारी मिलते ही परिवार के लोग भी पहुंच गए हैं मामले की सूचना पुलिस को दी गई है।

## कौशांबी प्रेसीडेंसी स्कूल एंड कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने जिले में सीबीएसई बोर्ड परीक्षा परिणाम में लहराया परचम

**कौशाम्बी।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा परिषद बोर्ड ने दिनांक 13.05 2024 को हाई स्कूल एवं इंटरमीडिएट छात्र-छात्राओं के बोर्ड रिजल्ट को घोषित किया इस बोर्ड परीक्षा परिणाम कौशांबी प्रेसीडेंसी स्कूल एंड कॉलेज भरवारी के छात्र-छात्राओं ने जिले में अपना नाम रोशन किया और यहां का रिजल्ट हंड्रेड प्रतिशत रहा इस परीक्षा परिणाम में क्लास 12ईं से मोहम्मद शहाबुद्दीन 94.4 प्रतिशत ऋषभ पवार 93.4 प्रतिशत शिवांशु जैसवारा 91.2 प्रतिशत अजीत सिंह 90 प्रतिशत प्राप्ति ठाकुर 89.8 प्रतिशत वीरा केसरवानी 88.8 प्रतिशत आयुष्मान 87.0 प्रतिशत अस्मिता केसरवानी 85.6 प्रतिशत भावना भारती 84.4 प्रतिशत धवन राजशेखर 81.8 प्रतिशत, वही क्लास 10ईं से एलीफा बानो 96.2 प्रतिशत अश्वनी वर्मा 95.4 प्रतिशत प्रियांशी सिंह 95.4 प्रतिशत कृष्णायादव 95 प्रतिशत उमैमा फातिमा 94 प्रतिशत अर्जुन वैश्य 93.4 प्रतिशत उन्नति अग्रहरि 93 प्रतिशत मोहम्मद हामिद



92.6 प्रतिशत उत्कर्ष केसरवानी 92 प्रतिशत अंश गुप्ता 91.6 प्रतिशत अंक प्राप्त किया। कौशांबी प्रेसीडेंसी स्कूल एंड कॉलेज भीटी के क्लास 10ईं टॉपर्स में राम जी जायसवाल 96 प्रतिशत,रत्नेश कुशवाहा 93.4 प्रतिशत विनीत चंद्र 91.6 प्रतिशत प्रिंसी सेन 91.6 प्रतिशत अनन्या केसरवानी 90.6 प्रतिशत,भव्य साहू 90.8 प्रतिशत वैष्णवी केसरवानी 86.0 प्रतिशत वंश केसरवानी 86.0 प्रतिशत साहित्य मिश्रा 85.6 प्रतिशत नर्सिंग केसरवानी 85.2 प्रतिशत वही केपीएस भीटी के क्लास 12ईं परीक्षा परिणाम में दीपांजलि गुप्ता 87 प्रतिशत शिवेंद्र मिश्रा 84 प्रतिशत प्रियांशु तिवारी 81.6 प्रतिशत सुहानी गुप्ता 81.6 प्रतिशत स्मृति शुक्ला 79.8 प्रतिशत कीर्ति रस्तोगी 79.2 प्रतिशत शांभवी 77.6 प्रतिशत मोहम्मद बसर 77.5 प्रतिशत मोहम्मद आसिफ 77 प्रतिशत सात्विक 77 प्रतिशत एकता कुशवाहा 76.6 प्रतिशत आशुतोष चौधरी 75.2 प्रतिशत अंक प्राप्त किया सीबीएसई बोर्ड परीक्षा परिणाम घोषित होते ही चारों तरफ खुशी का माहौल व्याप्त हो गया छात्र-छात्राओं के साथ ही साथ टीचर्स भी परीक्षा परिणाम देख करके खुशी से चहक उठे और एक दूसरे को लड्डू खिला करके अपनी खुशी का इजहार किया संस्थान के अध्यक्ष निवर्तमान विधायक चायल संजय कुमार गुप्ता ने सभी उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दिया उन्होंने अपने संदेश में कहा कि यह सफलता छात्र-छात्राओं के कठिन परिश्रम का परिणाम है एवं टीचर्स का सतत मार्गदर्शन निश्चित तौर पर बच्चों की सफलता का मुख्य कारण हुआ शिक्षा हर व्यक्ति का अधिकार होता है हर व्यक्ति को शिक्षित होना चाहिए.। संस्थान की डायरेक्टर श्रीमती सीमा पवार ने भी अपने संदेश में सभी उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं के उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दिया संस्थान के डिप्टी डायरेक्टर डॉक्टर मयंक कुमार मिश्रा ने अपने संदेश में कहा कि इस वर्ष के परिणामों में, हमारे स्कूल के विद्यार्थी न केवल उत्कृष्टता का प्रदर्शन किया बल्कि उनकी सफलता ने हमारे स्कूल का नाम भी रोशन किया है।इस सफलता का प्रशंसापूर्ण सम्मान उन्हीं के नहीं, बल्कि हमारे शिक्षकों और स्कूल प्रशासन को भी जाता है, जो निरंतर मेहनत और प्रेरणा प्रदान करते रहे हैं। सीबीएसई बोर्ड के इस साल के परिणाम ने शिक्षा क्षेत्र में नए मापदंड स्थापित किए हैं, और हम सभी का गर्व है कि हमारा स्कूल इस उत्कृष्टता के चेहरे में एक महत्वपूर्ण स्थान रखता है। आगे भी, हम ऐसे ही प्रेरित और उत्कृष्ट शिक्षा के माध्यम से समाज में योगदान करते रहेंगे.इस कार्यक्रम में केपीएस किडजी फाउंडर देव बाबू गुप्ता वासु गुप्ता केपीएस भीटी प्रिंसिपल प्रखर मिश्रा कोऑर्डिनेटर नितेश सिंह शशांक श्रीवास्तव सौरभ सिंह सचिन त्रिपाठी दीपक खरवार मधुबन पटेल, विकास पांडे, विकास मणि त्रिपाठी, कुलदीप पाल , हिमांशु पांडे, शिवम त्रिपाठी आदि समस्त शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

## सेंट फ्रांसिस स्कूल के छात्र-छात्राओं ने सीबीएसई बोर्ड परीक्षा परिणाम में लहराया परचम

अखंड भारत संदेश

**भरवारी कौशाम्बी।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा परिषद बोर्ड ने दिनांक 13.05 2024 को हाई स्कूल एवं इंटरमीडिएट छात्र-छात्राओं के बोर्ड रिजल्ट को घोषित किया इस बोर्ड परीक्षा परिणाम में सेण्ट फ्रांसिस स्कूल बेरुआ के छात्र-छात्राओं ने जिले में अपना नाम रोशन किया और यहां का रिजल्ट शत्-प्रतिशत रहा इस परीक्षा परिणाम में कक्षा बारहवीं से जान्हवी सिंह 94.8%, खुशी कुशवाहा 94.6%, तीक्षा 94.4%, सिमरन खान 93%, यशार्थ केसरवानी 92%, अन्तरा कुशवाहा 91.6%, दिव्यांशी मिश्रा 90.4%, शिवम सिंह 90.2%, वहीं कक्षा 10ईं से प्रगति केशरवानी 96.6%, अस्मिता कश्यप 94.8%, तनन्सुम 94%, आदित्य मौर्य



93.6%, सुशील यादव 92.4%, यशी कुशवाहा 91.6%, राधे कृष्ण शुक्ल 91.4%, देवेंद्र पाल 91.2%, ज्ञानवेन्द्र यादव 90.6%, वान्या शाहू 90.2% अंक प्राप्त किए। इस मौके पर विद्यालय के प्रबन्धक रोशनलाल वत्स एवं प्राचार्य जेराल्ड पी डिसूजा ने सभी उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं




दिया उन्होंने अपने संदेश में कहा कि यह सफलता छात्र-छात्राओं के कठिन परिश्रम का परिणाम है एवं टीचर्स का सतत मार्गदर्शन निश्चित तौर पर बच्चों की सफलता का मुख्य कारण है। सीबीएसई बोर्ड के इस साल के परिणाम ने शिक्षा क्षेत्र में नए मापदंड स्थापित किए हैं, और हम सभी का गर्व है कि हमारा स्कूल इस उत्कृष्टता के चेहरे में एक महत्वपूर्ण स्थान रखता है। आगे भी, हम ऐसे ही प्रेरित और उत्कृष्ट शिक्षा के माध्यम से समाज में योगदान करते रहेंगे।



## सीबीएसई बोर्ड के छात्र छात्राओं ने लहराया परचम

**अझुवा कौशांबी** लिटिल ब्लॉसम कॉन्वेंट स्कूल वा अन्य स्कूलों के छात्र-छात्राओं ने सीबीएसई बोर्ड की परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन कर विद्यालय के साथ-साथ अपने परिवार का नाम रोशन किया है सीबीएसई बोर्ड के इंटरमीडिएट के रिजल्ट में दीपशिखा साहू ने 96 प्रतिशत अंक प्राप्त किया सत्य कुमार अग्रहरि ने 94 प्रतिशत अंक प्राप्त किया अमाना सिद्दिकी ने 92.2 प्रतिशत अंक प्राप्त किया छात्राओं द्वारा बेहतर प्रदर्शन करने के बाद विद्यालय के प्रधानाचार्य प्रबंधन समेत शिक्षकों में खुशी की लहर है और छात्र-छात्राओं को माला पहनकर स्वागत करते हुए मिठाई खिलाकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है बेहतर प्रदर्शन करने पाली छात्राओं के परिवार में भी जश्न का माहौल है परिवार के लोगों ने भी बेटियों को आगे बढ़ाने का बीड़ा उठाया है और उन्हें बधाई दी है।

## न्यूज झरोखा

### किसान के घर सेंध लगाकर घर खंगाल ले गए चोर





**अझुवा कौशांबी।** पइंशा कोतवाली के रमसहायपुर गांव में रविवार की रात चोरों ने सेंध लगाकर किसान के घर से दस हजार की नकदी समेत पांच लाख के गहने समेट ले गए। घटना की जानकारी पीड़ित परिवार को सुबह हुई। पुलिस मौका-मुआयना कर जांच में जुट गई है। रमसहायपुर निवासी रोहित कुमार पांडेय पुत्र बालमुकुंद पांडेय मुंबई में रहता है। दो महीने पहले रोहित की शादी हुई थी। सप्ताह भर पहले वह मुंबई चला गया। घर पर मां बिटान देवी के साथ उसकी पत्नी मानसी, बहन रानी व विकलांग भाई थे। रविवार की रात सभी सोए थे। आधी रात में घर के पीछे की दीवार में सेंध लगाकर भीतर घुसे चोरों ने दस हजार नकदी के साथ पायजेब,करधनी,हाफपेटी,सोने का हार सहित करीब पांच लाख रुपये के गहने पार कर दिया। घटना की जानकारी पीड़ित परिवार को सुबह जगने के बाद हुई। हैरान-परेशान परिवार ने पुलिस को सूचना दी। मौका-मुआयना कर पुलिस जांच में जुट गई।

### 31 प्रतिभागियों को दिया गया पांच दिवसीय प्रशिक्षण



**कौशाम्बी** जन शिक्षण संस्थान द्वारा पीएम विश्वकर्मा प्रशिक्षण कार्यक्रम का 6 डे एसेसमेंट किया गया दिनांक 13 मई को जन शिक्षण संस्थान कौशांबी कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय भारत सरकार द्वारा पीएम विश्वकर्मा प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत 6 डे एसेसमेंट किया गया इस बैच का जीरो डे एसेसमेंट 6 मई को किया गया तथा दिनांक 8 मई से 12 मई तक पांच दिवसीय प्रशिक्षण 31 प्रतिभागियों को दिया गया इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में संस्थान के निदेशक राजकुमार पांडे ने पीएम विश्वकर्मा के तहत क्या-क्या सुविधाएं मिलती है विस्तार से चर्चा किये तथा इसी प्रशिक्षण के दौरान सभी प्रशिक्षार्थियों का टूल किट भी आनलाइन आवेदन कराया गया तथा बैंक से संबंधित एवं जिला उद्योग केंद्र से संचालित समस्त योजनाओं के बारे में विस्तार से चर्चा किये तथा इस पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आज दिनांक 13 मई को 6 डे एसेसमेंट किया गया और एसेसर रूबी देवी थी तथा 31 प्रशिक्षार्थियों का एसेसमेंट किया गया

### समाजवादी पार्टी की नुक्कड़ सभा संपन्न



**कौशांबी।** गुलामीपुर गनपा सिराथू कौशांबी में सोमवार को समाजवादी पार्टी इंडिया गठबंधन की जन सभा संपन्न हुई कार्यक्रम के आयोजक अजय प्रजापति कार्यक्रम के मुख्य अतिथि इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी पुष्पेंद्र सरोज ने कहा कि हमारी सरकार बनती है तो गरीब महिलाओं को एक लाख रुपया सालाना दिया जाएगा।शिक्षा बिजली दवा मुक्त किया जाएगा किसान कर्ज माफ किया जाएगा अग्नि वीर भर्ती को खत्म कर दिया जाएगा इसी के साथ कौशांबी की जनता समाजवादी पार्टी को जिताने का मन बना चुकी है इस सभा में कुंभकार मानव कल्याण समिति अपना समर्थन दिया समिति के उपाध्यक्ष भूपेंद्र प्रजापति समाज के लोगों से अनुरोध किया कि समाजवादी पार्टी का समर्थन करें और इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी को जिताकर दिल्ली भेजने का काम करें कार्यक्रम में एडवोकेट बुधराम प्रजापति, धर्मेंद्र प्रजापति ,राम प्रसाद प्रजापति ,मिथुन प्रजापति ,अजय प्रजापति , मुन्नू प्रजापति महेश प्रजापति प्रजापति ,कौशल्या प्रजापति नरेश यादव दयाशंकर यादव शाहनवाज आदि सैकड़ो लोग उपस्थित रहे

### ई-रिक्शा में कार ने मारी टक्कर दो घायल



**कौशांबी** मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र के समदा मार्ग पर छोगरियन पुरवा के मोड़ के पास अंडा लदे ई-रिक्शा में अनियंत्रित कार ने टक्कर मार दिया इससे ई रिक्शा पलट गया ई रिक्शा सवार अंडा मालिक और चालक गंभीर रूप से घायल हो गए घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां पर अंडा मालिक की हालत नाजुक होने पर प्रयागराज रेफर कर दिया गया हैं समदा निवासी चींटी अंडा लगाने की दुकान चलाता हैं सोमवार की दोपहर लगभग 1:00 बजे ओस मंडी से अंडा खरीद कर वह ई रिक्शा चालक आजम के साथ समदा जा रहा था छोगड़ियान पुरवा के समीप ई रिक्शा में अनियंत्रित कार चालक ने जोरदार टक्कर मार दिया इससे अनियंत्रित होकर ई-रिक्शा पलट गया ई रिक्शा में सवार अंडा मालिक चींटी और ई रिक्शा चालक आजम गंभीर रूप से घायल हो गए घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां पर अंडा मालिक चींटी की हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने प्रयागराज रेफर कर दिया है

### सैनी कोतवाली पुलिस ने चलाया सघन चेकिंग अभियान



**अझुवा कौशांबी** लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 निर्वाचन प्रक्रिया को संपन्न कराने हेतु आदर्श आचार संहिता के सत प्रतिशत अनुपालन हेतु पुलिस द्वारा सघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था के लिए पुलिस द्वारा व्यापक बंदोबस्त किया जा रहा है आज सोमवार शाम सैनी कोतवाल जेके शर्मा ने भारी पुलिस फोर्स के साथ अझुवा चौकी क्षेत्र के देशी शराब ठेका के पास लगी भीड़ को देखकर संबंधित से स्टॉक रजिस्टर देख आवश्यक दिशा निर्देश दिए हैं।राष्ट्रीय राजमार्ग,नगर पंचायत की गलियों में फुट मार्च कर आम जनमानस को सुरक्षा का एहसास कराया है कोतवाल जे के शर्मा ने बताया लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण संपन्न करने के लिए पुलिस खुराफातियों पर नजर रख रही है खुराफात करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी इस चेकिंग अभियान में अझुवा चौकी इंचार्ज अरुण कुमार मौर्य, पथरावा चौकी इंचार्ज आलोक राज सहित भारी पुलिस बल मौजूद रहा।

### भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में एक जनसभा आयोजित




**कौशाम्बी** मंझनपुर तहसील के गौरये गाँव मे युमना नदी के किनारे 13 मई को भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में एक जनसभा आयोजित की गई जिसमे मुख्यातिथि के रूप में पूर्व प्रदेश अध्यक्ष उत्तर प्रदेश रामपति त्रिपाठी द्वारा जनता से अपील की है कि प्रबुद्ध समाज समाज का अगुवा सदैव से रहा है आज यह चुनाव राष्ट का चुनाव है भारत देश के सम्मान का चुनाव हो रहा है आप सभी लोग भाजपा को वोट देकर मोदी जी के हांथों को मजबूत करे सांसद प्रत्याशी ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि मेरे सामने जो प्रत्यासी है वह अपने पासी समाज मे कितने लोगों के यहाँ विवाह या मिट्टी में आते है केवल वोट लेने के लिए जाती पाती की बात करते है भाजपा सर्व समाज की पार्टी है आप लोग मुझे वोट दे मैं आपके दुख सुख में खड़ा रहूंगा इस कार्यक्रम के संयोजक सौरभ त्रिपाठी सोनू प्रधान अंकित त्रिपाठी नीतीश मिश्रा शशि कांत त्रिपाठी भोला द्विवेदी राहुल मिश्रा पिन्टू द्विवेदी अजय मिश्र अशोक मिश्र लाल बहादुर पूर्व विधायक जय प्रकाश त्रिपाठी शंकर शुक्ल केशन प्रधान सरवन मिश्र योगेन्द्र त्रिपाठी संदीप मिश्रा ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि आदि लोग मौजूद रहे।

## संपादक की कलम से

### लोकसभा चुनाव के दौरान रंग भेद की राजनीति

लोकसभा चुनाव के दौरान राजनेताओं के बयान सुनकर ऐसा लगने लगता है कि ये अपनी हदों को पार कर करने लगे हैं। अभी हाल ही में कांग्रेस के नेता सैम पित्रोदा के बयान की मीमांसा की जा रही है। इसके तारतम्य यही है कि इस नेता ने भारत में भेद पैदा करने के प्रयास किए हैं, जो कभी सफल नहीं होने चाहिए। भारत में जिस प्रकार से सामाजिक विघटन की राजनीति की जा रही है, उससे समाज की शक्ति का लगातार पतन ही हुआ है। कभी तुष्टिकरण तो कभी वोट बैंक की राजनीति के बहाने सामाजिक एकता की राह में अवरोध पैदा करने के प्रयास किये गए, जिसके कारण समाज के कई हिस्से अलग अलग दुकान खोलकर बैठ गए और इसकी आज की राजनीति ने इसे मुंह मांगा इनाम भी दिया। जिसके कारण भारतीय समाज के बीच जो विविधता की एकता को दशार्न वाली परंपरा रही, उसकी जड़ों में मट्ठा डालने का अनवरत प्रयास किया गया। यह सभी जानते हैं कि जिस देश का समाज कम से कम राष्ट्रीय मामलों पर एक स्वर व्यक्त करता है, वहां किसी भी प्रकार की सामाजिक बिखराव के प्रयास धूमिल ही होते है। लेकिन कुछ राजनीतिक दलों को यह सामाजिक एकता अच्छी नहीं लगती, इसलिए वह अंग्रेजों की फूट डालो और राज करो वाली नीति अपनाते हुए ही अपनी राजनीति करते हैं। ऐसे लोगों को भारत की सांस्कृतिक एकता खटकती है। ऐसे लोग कुत्सित राजनीति के माध्यम से भारत की जनता के मानस में ऐसे बीज बोने का ही काम करते हैं, जो प्रथम दृष्टया विभाजनकारी ही कहे जा सकते हैं। ऐसे बयानों पर पूरी तरह से रोक लगनी चाहिए। क्योंकि यह विचार देश का भला नहीं कर सकता। अगर ऐसा विचार लेकर कोई राजनीतिक दल राजनीति करता है तो उसकी प्रासंगिकता पर भी सवाल हो सकते हैं। राजनीतिक दलों ने अपना स्वार्थ साधने के लिए पूर्व और पश्चिम को अलग पहचान के रूप में प्रचारित करने में जोर लगाया, तो वहीं उत्तर और दक्षिण के लोगों के मन में नफरत की दरार को और ज्यादा चौड़ा किया। जबकि हमारे देश के नायकों ने एक भारत के रूप में स्वतंत्रता प्राप्त की। आज की राजनीति को देखते हुए यही कहा जा सकता है कि उनके सपनों को पूरा करने का ईमानदारी से प्रयास नहीं किया जा रहा। इसी कारण कहीं जातिवाद को हवा दी रही है तो कहीं तुष्टिकरण का प्रयास किया जा रहा है। आवश्यकता इस बात की है कि हमारे राजनीतिक दल समाज को एक करने की दिशा में कदम उठाएं। इससे समाज का तो भला होगा ही, देश भी मजबूत होगा। वर्तमान में कांग्रेस पार्टी के नेताओं ने अस्तित्व बरकरार रखने के जिस प्रकार का परिश्रम किया जा रहा है, वह निसंदेह आवश्यक भी था, लेकिन कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पिछले दो चुनावों की तरह इस बार भी पार्टी के इस अभियान को पलीता लगाते हुए दिखाई दे रहे हैं। कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेताओं में शामिल विदेशी अध्यक्ष सैम पित्रोदा ने जो बयान दिया है, उसे अनजाने में दिया बयान समझकर खारिज नहीं किया जा सकता, क्योंकि सैम पित्रोदा कांग्रेस नेताओं के बहुत खास रहे हैं। यहां तक कि राहुल गांधी के विदेशी दौरे भी यही प्रबंधित करते हैं। सैम पित्रोदा ने जो बयान दिया है, उससे भारत की कांग्रेस ने भले ही किनारा कर लिया हो, लेकिन विदेशों में सैम पित्रोदा भारत को किस रूप में प्रस्तुत करते होंगे, इस बात का सहज अनुमान लगाया जा सकता है। सैम पित्रोदा के बयान का आशय यह भी निकाला जा सकता है कि वे भारत को एक देश के रूप में नहीं देख सकते। उनकी नजरों में शायद भारत की चारों दिशाओं में अलग अलग देश दिखाई देते हैं। कुछ ऐसे ही बयानों के कारण कांग्रेस अपने अस्तित्व से जूझ रही है। कुछ इसी प्रकार के बयान कांग्रेस के अन्य नेता भी देते रहे हैं। एक बार मैंने अपने एक लेख में लिखा था, जिसका उल्लेख अन्य लेखक भी कर चुके हैं कि कांग्रेस प्रधानमंत्री मोदी का विरोध करते करते अनजाने में देश का विरोध करने लगती है। हालांकि कांग्रेस नेताओं का आशय देश विरोध का नहीं होगा, लेकिन सवाल यह है कि कांग्रेस के नेता ऐसे बयान देते ही क्यों हैं, जिसका एक अर्थ ऐसा भी निकलता है, जिससे देश का विरोध होने का संकेत मिलता है। इंडियन ओवरसीज कांग्रेस के अध्यक्ष सैम पित्रोदा कांग्रेस के लिए कोई छोटा नाम नहीं है। वे कांग्रेस के मुख्य कर्ता धताओं में गिने जाते हैं। हालांकि चुनाव में उनके बयान का विपरीत प्रभाव न हो, इसलिए सैम पित्रोदा का इस्तीफा देना एक राजनीतिक कदम भी हो सकता है। अगर सैम पित्रोदा का इस्तीफा लेना ही था तो उनके पहले दिए बयानों पर भी तो लिया जा सकता था। लेकिन कांग्रेस ने ऐसा नहीं किया। इससे कांग्रेस की सोच का पता चलता है और बैठे ढाले ही कांग्रेस ने भाजपा को एक और मुद्दा दे दिया। सैम पित्रोदा के बयान ने कांग्रेस की एक बार फिर से फजीहत करा दी। राहुल गांधी के इर्द गिर्द राजनीति करने वाले कांग्रेस के बड़े नेताओं के पलायन करने के बाद भी अगर शीर्ष नेतृत्व इस बात से अनभिज्ञ है कि कांग्रेस की ऐसी दुर्दशा क्यों हो रही है? तो स्वाभाविक ही है कांग्रेस को अपनी पिछली दो शर्मनाक पराजय का बोध भी नहीं हो सकता। अभी तक के राजनीतिक इतिहास में अपने सबसे बड़े दुर्दिनों का सामना कर रही कांग्रेस पार्टी समूहों में विभाजित होकर अवनति के मार्ग पर बेलगाम बढ़ती जा रही है। यह समस्याएं उसकी खुद की देन हैं। इसलिए यह कहा जा सकता है कि वर्तमान में कांग्रेस की राजनीति में सब कुछ ठीक नहीं चल रहा है। इसके पीछे बहुत सारे कारण हो सकते हैं, लेकिन सबसे बड़ा कारण यह भी माना जा रहा है कि आज की कांग्रेस में स्पष्ट दिशा और स्पष्ट नीति का अभाव सा पैदा हो गया है। उसके जिम्मेदार नेताओं को यह भी नहीं पता कि कौन से मुद्दे पर राजनीति की जानी चाहिए और किस पर नहीं। इसी कारण कांग्रेस का जो स्वरूप दिखाई दे रहा है, वह अविश्वसनीयता के घेरे में समाता जा रहा है। यह स्थिति जहां एक ओर कांग्रेस के वरिष्ठ नेतृत्व के प्रति अनास्था की धारणा को जन्म देने वाला कहा जा सकता है, वहीं यह भी प्रदर्शित कर रहा है कि राहुल गांधी युवाओं को आकर्षित करने में असफल साबित हुए हैं। इसमें उनकी अनियंत्रित बयानबाजी भी कारण है।

### देश में भ्रष्टाचार का खंड बन गया है झारखंड


गैरभाजपा राजनीतिक दलों के लिए देश में व्याप्त भ्रष्टाचार कोई चुनावी मुद्दा नहीं रह गया है। यही वजह है कि खासतौर से क्षेत्रीय दलों की सरकारों में बेशर्मी से लूटने की होड़ मची हुई है। झारखंड में एक मंत्री के निजी सहायक के नौकर के घर से मिले करीब 35 करोड़ रुपए मिलने पर किसी भी दल ने कठोर कार्रवाई की मांग तो दूर बल्कि इस भारी-भरकम भ्रष्टाचार के लिए अफसोस तक जाहिर नहीं किया। यह पहला मौका नहीं है जब इंडिया गठबंधन में शामिल दलों की असलियत उजागर हुई हो। इससे पहले भी असीम सुर्खियों में रहे भ्रष्टाचार के मामलों में भी क्षेत्रीय दलों की सत्तारुढ़ सरकारो के काले कारनामे सामने आ चुके हैं। भ्रष्टाचार के मामले सामने आने पर क्षेत्रीय दलों का प्रयास यही रहता रहा है कि इसे केंद्र की भाजपा सरकार की साजिश करार दिया जाए। कांग्रेस ने इन दलों के भ्रष्टाचार के मामलों में संरक्षक की भूमिका निभाई है। कारण स्पष्ट है यदि कांग्रेस क्षेत्रीय दलों के भ्रष्टाचार के मामले उठाती है तो उसे अपनी गिरेबां में भी झाकना होगा। इससे ये दल एक-दूसरे के भ्रष्टाचार के मामलों में छिछालेदार करने लगेंगे। ऐसी हास्यादपद स्थिति से बचने के लिए ये दल एक-दूसरे के भ्रष्टाचार का जिक्र नहीं करते हैं। कांग्रेस ने भ्रष्टाचार के मामलों में मौन साधे रखा है। यहां तक की कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव के घोषणा पत्र में भ्रष्टाचार का जिक्र तक करना जरूरी नहीं समझा। कांग्रेस को अंदाजा था कि इसका जिक्र करते ही भाजपा गठबंधन खिल्ली उड़ाने से चूकेगा नहीं। यही वजह रही कि कांग्रेस घोषणा पत्र में देश में व्याप्त भ्रष्टाचार के खात्मे को लेकर कोई वादा नहीं किया। आश्चर्य यह है कि झारखंड के ग्रामीण विकास मंत्री और कांग्रेस नेता आलमगीर आलम के निजी सचिव संजीव लाल के घरेलू सहयोगी जहांगीर के यहां छापा मार कर प्रवर्तन निदेशालय ने 35 करोड़ रुपए बरामद किए। इस पर भी मंत्री आलम ने त्याग पत्र देना जरूरी नहीं समझा। झारखंड में सत्ता में शामिल कांग्रेस ने आलम के इस्तीफ की मांग तक नहीं की। अलबत्ता कांग्रेस ने इससे अपना दामन बचाने की कोशिश जरूर की। लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र में आयोजित राहुल गांधी की सभा में मंच पर कांग्रेस कोटे से ग्रामीण विकास मंत्री बने आलमगीर आलम को जगह नहीं मिली। कांग्रेस ने आलमगीर को महज यह संदेश देकर औपचारिकता निभाई की पहले जांच से बरी होकर आओ।

इससे पहले झारखंड के तत्कालीन मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन भी भ्रष्टाचार के मामले में गिरफ्तार हो चुके हैं। सोरेन को जमानत नहीं मिल सकी है। पूर्व मुख्यमंत्री सोरेन 6 अक्टूबर 2023 को नई हेमंत सोरेन को कथित भ्रष्टाचार के मामले में गिरफ्तार किया गया था। जैसा कि अक्सर होता है हर भ्रष्टाचारी ऐसे मामलों को फसाने की साजिश करार देता है, इसी तर्ज पर सोरेन ने भी आरोप से इनकार किया। कांग्रेस ने सोरेन की गिरफ्तारी की निंदा की और इसे संघवाद के लिए झटका बताया था। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर लिखा था कि भ्रष्टाचार में डूबी भाजपा लोकतंत्र को नष्ट करने का अभियान चला रही है।

# बाल विवाह रोकने की सार्थक पहल

**अरविंद जयतिलक**

यह सुखद है कि उत्तर प्रदेश समेत देश के आठ राज्य बिहार, झारखंड, उत्तराखंड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, पंजाब और हरियाणा ने बाल विवाह रोकने की दिशा में सार्थक पहल की है। इन सभी राज्यों ने अधिसूचनाएं जारी कर प्रशासन को ताकीद किया है कि बाल विवाह की रोकथाम सुनिश्चित करने के लिए गांवों और प्रखंडों में कड़ी निगरानी रखी जाए। यह पहल इस मायने में महत्वपूर्ण है कि आजादी के साढ़े सात दशक गुजर जाने के बाद भी देश में बाल विवाह जारी है। जनगणना के 2011 के आंकड़ों पर गौर करें तो देश में प्रतिदिन 4000 से अधिक बच्चों का विवाह कर दिया जाता है। अभी गत वर्ष पहले ही ह्यद लैंसेट ग्लोबल हेल्थह्ल पत्रिका में प्रकाशित स्ट्डी से उजागर हुआ कि वर्ष 2016 से 2021 के बीच, कुछ राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों में बाल विवाह की प्रथा अब आम हो गई है। स्ट्डी के मुताबिक मणिपुर, पंजाब, त्रिपुरा और पश्चिम बंगाल समेत आधा दर्जन राज्यों मसलन छत्तीसगढ़, गोवा, मणिपुर और पंजाब समेत आठ राज्यों में बाल विवाह के मामलों में वृद्धि हुई है। हालांकि स्ट्डी में यह भी पाया गया है कि बालिका और बाल विवाह में राष्ट्रीय स्तर पर गिरावट आई है। स्ट्डी के मुताबिक बालिका विवाह की व्यापकता 1993 में 49 प्रतिशत से घटकर 2021 में 22 प्रतिशत रह गई है। गत वर्ष पहले केंद्रीय गृहमंत्रालय के जनसांख्यिकीय नमूना सर्वेक्षण से भी उद्घाटित हुआ था कि झारखंड में कम उम्र की लड़कियों की शादी का प्रतिशत सबसे अधिक है। बाल विवाह का राष्ट्रीय औसत जहां 1.9 प्रतिशत है वहीं झारखंड राज्य का



आंकड़ा 5.8 प्रतिशत है। उल्लेखनीय है कि यह सर्वेक्षण 2020 में कराया गया और उसके बाद भारत के महानिदेशक (जनगणना) और जनगणना आयुक्त द्वारा रिपोर्ट जारी की गयी। रिपोर्ट में पश्चिम बंगाल राज्य की स्थिति भी अच्छी नहीं बताई गई थी। यहां जितनी शादियां होती हैं उनमें से आधी युवतियों का विवाह 21 साल की उम्र पूरी करने से पहले हो जाता है। गत वर्ष पहले नेशनल फैमिली हेलथ सर्वे से भी खुलासा हुआ था कि तमाम जागरुकता भरे कार्यक्रम और कड़े कानूनी प्रावधानों के बावजूद भी देश में बाल विवाह जारी है। राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग और गैर सरकारी संगठन यंग लाइव्स की रिपोर्ट में भी कहा जा चुका है कि गांव के साथ-साथ महानगर भी बाल विवाह जैसी सामाजिक बुराई की चपेट में हैं। संयुक्त राष्ट्र के रिपोर्ट के मुताबिक भारत बाल विवाह के मामले में दूसरे स्थान पर है। भारत में दुनिया के 40 प्रतिशत बाल विवाह होते हैं। 49 प्रतिशत लड़कियों को विवाह 18 वर्ष से कम आयु में हो जाता है। यूनिसेफ के अनुसार राजस्थान में 82 प्रतिशत विवाह 18 साल से पहले हो जाते हैं। यह स्थिति तब है जब भारतीय संविधान में विभिन्न कानूनों एवं अधिनियमों के माध्यम से बाल विवाह रोकने के प्रावधान हैं। 1929 में हरविलास शारदा के प्रयत्नों से बाल विवाह निरोधक अधिनियम पारित हुआ जिसे शारदा एक्ट के नाम से भी जाना जाता है। इसमें प्रावधान है कि विवाह के समय लड़के की आयु 18 वर्ष तथा लड़की की आयु 15 वर्ष होनी चाहिए। इससे कम आयु के विवाह को बाल विवाह माना जाएगा। इस कानून के उलंघन पर 15 दिन का कारावास तथा एक हजार रुपया जुमार्ना सुनिश्चित किया गया। लेकिन यह अधिनियम बाल विवाह रोकने में सफल नहीं हुआ। हिंदू विवाह अधिनियम 1955 में भी लड़के व लड़की के विवाह की आयु 18 वर्ष और 15 वर्ष ही रखी गयी। मई, 1976 में इस अधिनियम में संशोधन कर विवाह की आयु 21 वर्ष और 18 वर्ष कर दी गयी।

एक दूसरा कानून जो अस्तित्व में है वह बाल विवाह निषेध अधिनियम 2006 है। इस अधिनियम में बाल विवाह निरोधक अधिनियम में व्याप्त खामियों को दूर कर सुनिश्चित किया है कि एक ऐसी लड़की का विवाह जो 18 साल से कम की है और लड़के का विवाह जो 21 साल से कम का है बाल विवाह कहलाएगा। इस अधिनियम में बाल विवाह के आरोपियों को दो साल तक का कठोर कारावास या एक लाख रुपए तक का जुमार्ना अथवा दोनों हो सकता है। बाल विवाह कराने वाले माता-पिता, रिश्तेदार, विवाह कराने वाला पंडित और काजी को भी तीन महीने तक की कैद और जुमार्ना भुगतना पड़ सकता है। इस कानून के तहत किसी महिला को कारावास की सजा नहीं दी जा सकती। माता पालक को भी इस अपराध के लिए कैद नहीं किया जा सकता। हां, उन्हें जुमार्ना जरुर भरना होगा। इस कानून के अंतर्गत यह भी प्रावधान किया गया है कि बच्चे अपनी इच्छा से वयस्क होने के दो साल के अंदर अपने बाल विवाह को अवैध घोषित कर सकते हैं। चिंता की बात यह भी है कि बाल विवाह के कारण महिलाओं के स्वास्थ पर खतरनाक प्रतिकूल असर पड़ रहा है। बाल विवाह के कारण शिशु मृत्यु दर और अस्वस्थता दर में भी वृद्धि हो रही है। इसके अलावा घरेलू हिंसा, लिंग आधारित हिंसा, बच्चों के अवैध व्यापार, लड़कियों की बिक्री में वृद्धि, बच्चों द्वारा पढ़ाई छोड़ने की आंकड़ों में वृद्धि, बाल मजदूरी और कामकाजी बच्चों का शोषण तथा लड़कियों पर समय से पहले जिम्मदारी संभालने का दबाव भी बढ़ रहा है। चिकित्सकों की मानें तो बाल विवाह की वजह से शिशु को जन्म देते वक्त दुनिया भर में होने वाली कुल मौतों में 17 प्रतिशत मौतें अकेले भारत में होती है। कम उम्र में विवाह से प्रसव के दौरान इन महिलाओं में 30 प्रतिशत रक्तस्त्राव, 19 प्रतिशत एनीमिया, 16 प्रतिशत संक्रमण, और 10 प्रतिशत अन्य जटिल रोगों की संभावना बढ़ जाती है। यहीं नहीं वे गंभीर बीमारियों की चपेट में आ जाती हैं। एक आंकड़े के मुताबिक कम उम्र में गभार्धान के मामलों में लगातार वृद्धि हो रही है। समय से पहले प्रसव की घटनाओं में इजाफा हो रहा है। मातृ मृत्यु दर में वृद्धि हो रही है। गर्भपात और मृत प्रसव की दर भी बढ़ रही है। मेटरनल मॉर्टेलिटी रेशियो (एमएमआर) और इंटरनेशनल प्रेग्नेंसी एडवाइजरी सर्विसेज की रिपोर्ट की मानें तो भारत में असुरक्षित गर्भपात से हर दो घंटे में एक स्त्री की जान जाती है। गत वर्ष पहले सरकारी संस्था नेशनल सैंपल सर्वे ऑफिस (एनएसएसओ) की एक रिपोर्ट से उद्घाटित हुआ कि शहरों में 20 वर्ष से कम उम्र की लड़कियों में हर सातवें गर्भधारण का अंत गर्भपात के रुप में होता है। 20 साल से कम उम्र की शहरी युवतियों में गर्भपात का रुझान राष्ट्रीय औसत के मुकाबले काफी अधिक है। इस रिपोर्ट के मुताबिक देश भर में ग्रामीण क्षेत्रों में गर्भपात का प्रतिशत 2 तथा शहरी क्षेत्रों में 3 प्रतिशत है। 20 साल से कम उम्र की शहरी युवतियों में गर्भपात 14 प्रतिशत तक है जबकि गांवों में 20 साल से कम आयुवर्ग में गर्भपात का प्रतिशत मात्र 0.7 है। अगर दूसरे आयु वर्ग की महिलाओं पर नजर दौड़ाएं तो गर्भपात का प्रतिशत इतना अधिक नहीं है। मसलन 30 से 34 वर्ष उम्र की शहरी महिलाओं में गर्भपात का प्रतिशत 4.6 है जबकि ग्रामीण क्षेत्रों में यह 2.9 है। इसी तरह 35 से 39 वर्ष उम्र की शहरी महिलाओं में गर्भपात का प्रतिशत 2.0 जबकि ग्रामीण क्षेत्रों में यह 5.4 है। यहां ध्यान देने वाली बात यह है कि शहरों में तो कम लेकिन ग्रामीण क्षेत्रों में आज भी असुरक्षित गर्भपात कराए जा रहे हैं जिसकी कीमत युवतियों को जान देकर चुकानी पड़ती है। सेव द चिल्ड्रेन संस्था की मानें तो भारत मां बनने के लिहाज से दुनिया के सबसे खराब देशों में शुमार है। संयुक्त राष्ट्र की विश्व स्वास्थ्य संगठन की रिपोर्ट पर गौर करें तो भारत में प्रत्येक वर्ष गर्भधारण संबंधी जटिलताओं के कारण और प्रसव के दौरान तकरीबन 5 लाख से अधिक महिलाएं दम तोड़ती हैं। इसका एक प्रमुख वजह बाल विवाह भी है। विडंबना यह है कि कड़े कानूनी प्रावधानों और जागरुकता कार्यक्रम के बावजूद भी पिछले दो दशकों से बाल विवाह की गिरने की दर हर वर्ष एक प्रतिशत है जो कि बहुत ही कम है। ऐसे तो फिर बाल विवाह खत्म करने में 50 वर्ष लग जाएंगे।

## हरियाणा की राजनीति में बड़ा बदलाव, लोकसभा और विधानसभा चुनावों पर असर

**- डॉ. ज्ञान पाठक**

पांच साल बाद 2024 में, पीएम मोदी को लगा कि भाजपा अपनी लोकसभा सीटों को अपने सहयोगी जेजेपी के साथ साझा नहीं कर सकती है, और इसलिए जेजेपी को गठबंधन छोड़ने के लिए मजबूर करने के लिए अपमानित किया गया। मार्च में गठबंधन टूट गया। भाजपा नेतृत्व ने सोचा कि जेजेपी के अलग से चुनाव मैदान में होने पर भाजपा, इंडिया ब्लॉक और जेजेपी के बीच मुकाबला त्रिकोणीय हो जायेगा।

24 मई को छठे चरण में होने वाले लोकसभा चुनाव के लिए 9 मई को नामांकन वापस लेने से पहले हरियाणा की राजनीति में काफी बदलाव आया। चुनाव की पूर्व संध्या पर भाजपा के मुख्यमंत्री के बदले जाने की पृष्ठभूमि में चुनाव प्रचार शुरू हो गया है। 12 मार्च को एनडीए में फूट पड़ गई, जिससे सहयोगी दल भाजपा और जेजेपी अलग हो गये, और दो महीने से भी कम समय में राज्य में नायब सिंह सैनी सरकार अल्पमत में आ गई, जब 7 मई को तीन निर्दलीय विधायकों ने अपना समर्थन वापस ले लिया। यह निश्चित रूप से भाजपा के लिए अशुभ है, क्योंकि पार्टी का लक्ष्य राज्य की सभी 10 लोकसभा सीटें जीतना है, जो उसने 2019 के लोकसभा चुनाव में जीती थी। प्रधानमंत्री मोदी तीसरी बार सत्ता चाह रहे हैं इसलिए वह किसी भी सीट का नुकसान बर्दाश्त नहीं कर सकते।

पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर, जिनकी जगह दूसरे मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी आये, करनाल लोकसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ रहे हैं। सैनी सरकार से समर्थन वापस लेने वाले तीनों विधायकों ने अब कांग्रेस को समर्थन दे दिया है। उन्होंने पहले तो कहा कि खट्टर उनके नेता हैं, लेकिन जब वह सत्ता की कुर्सी पर नहीं हैं, तो उनका सैनी से कोई लेना-देना नहीं है।

इससे संकेत मिलता है कि भाजपा के भीतर दो खेमों-खट्टर और सैनी के बीच दरार थी, हालांकि, बाद में निर्दलीय विधायकों ने भी अपने चुनाव अभियानों में अपमानित होने के लिए खट्टर पर हमला किया। यह एक नया विकास है, जो दशार्ता है कि राज्य में खट्टर भी अपना व्यक्तिगत समर्थन आधार खो रहे हैं।

यह स्पष्ट था जब खट्टर अपना नामांकन दाखिल कर रहे थे और अपना रोड शो कर रहे थे, जहां बहुत अधिक उत्साही लोग नहीं दिख रहे थे - न तो सड़क पर, न ही सड़क के किनारे दर्शक या घरों की छतों पर दर्शक। सब कुछ सामान्य ही लग रहा था और लोगों में चुनाव को लेकर कोई उत्साह नहीं दिख रहा था। इसे मीडिया में व्यापक रूप से रिपोर्ट किया गया है।

2014 में पीएम नरेंद्र मोदी द्वारा खट्टर को हरियाणा के राजनीतिक परिदृश्य में लाकर उन्हें राज्य का मुख्यमंत्री बनाया गया था। मोदी का विचार सिर्फ राज्य की राजनीति में जाटों के वर्चस्व को तोड़ना था। राज्य की राजनीति में कोई महत्वपूर्ण जाट नेता



न होने के कारण मोदी अपने उद्देश्य में सफल रहे। हालांकि, 2019 के राज्य चुनाव में, दुष्यंत चौटाला की जेजेपी जाट समर्थन आधार के साथ उभरी। यह भाजपा नेतृत्व के लिए एक झटका था, क्योंकि पार्टी ने कुछ महीने पहले ही राज्य की सभी 10 लोकसभा सीटें जीती थीं। भाजपा की इतनी राजनीतिक किस्मत का गिरना अप्रत्याशित था और पार्टी को मुख्यमंत्री खट्टर के नेतृत्व में राज्य सरकार बनाने के लिए जेजेपी के साथ गठबंधन करना पड़ा।

पांच साल बाद 2024 में, पीएम मोदी को लगा कि भाजपा अपनी लोकसभा सीटों को अपने सहयोगी जेजेपी के साथ साझा नहीं कर सकती है, और इसलिए जेजेपी को गठबंधन छोड़ने के लिए मजबूर करने के लिए अपमानित किया गया। मार्च में गठबंधन टूट गया। भाजपा नेतृत्व ने सोचा कि जेजेपी के अलग से चुनाव मैदान में होने पर भाजपा, इंडिया ब्लॉक और जेजेपी के बीच मुकाबला त्रिकोणीय हो जायेगा, जिससे उनकी जीती हुई 10सीटों को बरकरार रखने की संभावना उज्ज्वल हो जायेगी। हालांकि, यह राज्य में उभर रही एक जटिल राजनीतिक स्थिति का एक बहुत ही सरल दृष्टिकोण था।

भाजपा नेतृत्व इस बात से अच्छी तरह वाकिफ था कि राज्य में पंजाबी समुदाय मनोहर लाल खट्टर से खुश नहीं है, जो खुद एक पंजाबी हैं। उन्होंने राज्य में ओबीसी समुदाय को भी नाराज कर दिया था। ओबीसी राजनीति की खोज में, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने खट्टर की जगह ओबीसी राजनेता सैनी को ले लिया है। हालांकि, ऐसा लगता है कि यह उल्टा हो गया है। पंजाबी और ओबीसी दोनों अब भाजपा नेतृत्व से इतने खुश नहीं हैं, क्योंकि दोनों समुदायों के कई लोग अपमानित महसूस कर रहे हैं और अपने आत्मसम्मान की रक्षा के लिए तैयार हैं।

समर्थन वापस लेने वाले तीन निर्दलीय विधायकों ने बताया है कि उन्होंने किसानों से जुड़े अन्य मुद्दों और युवाओं के बीच बढ़ती बेरोजगारी के अलावा अपने आत्मसम्मान के लिए ऐसा किया है। जहां तक जेजेपी का सवाल है, उसने राज्य की अल्पमत भाजपा सरकार को गिराने के लिए प्रस्ताव लाने पर कांग्रेस को समर्थन देने की घोषणा की है।

90सदस्यीय हरियाणा विधानसभा में भजपा के पास केवल 40 विधायक हैं, जबकि कांग्रेस के पास 30 और जेजेपी के पास 10 विधायक हैं। दो सीटें खाली हैं, क्योंकि खट्टर ने करनाल से विधायक पद से इस्तीफा दे दिया था, और रणजीत सिंह चौटाला ने रानिया से निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में इस्तीफा दे दिया है। रणजीत हिसार लोकसभा क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार के रूप में भी चुनाव लड़ रहे हैं। इस प्रकार विधानसभा में प्रभावी सदस्य संख्या केवल 88 है। भाजपा के पास केवल 3 विधायकों का समर्थन है और इसलिए सरकार अल्पमत में आ गई है। देखना यह है कि राज्य में भाजपा की अल्पमत सरकार रहते हुए लोकसभा चुनाव कराया जाता है या नयी सरकार बनती है।

इसके विपरीत कांग्रेस और आप ने लोकसभा चुनाव के लिए राज्य में हाथ मिलाया है। आप कुरूक्षेत्र से चुनाव लड़ रही है और कांग्रेस बाकी 9 लोकसभा सीटों पर चुनाव लड़ रही है। जेजेपी और कांग्रेस ने अल्पमत भाजपा सरकार को हटाने के लिए राज्यपाल सेमांग की है और अविश्वास प्रस्ताव लाने की तैयारी कर रहे हैं। कांग्रेस के पुनरुत्थान के साथ, इंडिया ब्लॉक भाजपा को चुनौती देने के लिए पूरी तरह तैयार है।

फरवरी 2024 के हालिया किसान आंदोलन और खट्टर सरकार द्वारा उसके क्रूर दमन ने पूरे किसान समुदाय को नाराज कर दिया है। उनका विरोध इतना था कि किसान आंदोलन शुरू होने के एक महीने के भीतर ही पीएम मोदी को खट्टर को मुख्यमंत्री पद से हटाना पड़ा। हालांकि पूर्व सीएम खट्टर ने विश्वास जताया है कि 2024 के चुनावों में भाजपा फिर से सभी 10 लोकसभा सीटें जीतेगी, विश्लेषकों का मानना है कि उन्हें खुद करनाल में कड़ी लड़ाई का सामना करना पड़ रहा है, अपनी सीट बरकरार रखना भी बहुत मुश्किल है।

## मोदी के आत्मविश्वास को हल्के में न ले विपक्ष

**@ राकेश अचल**

तीसरी बार भारत का प्रधानमंत्री बनने का सपना देखने से श्री नरेंद्र दामोदर दास मोदी को जनता जनार्दन के अलावा कोई दूसरा नहीं रोक सकत। अठारहवीं लोकसभा के लिए अभी मतदान के चार चरण ही पूरे हुए हैं किन्तु मोदी जी का आत्मविश्वास देखते हुए विपक्ष को सावधान हो जाना चाहिए ,क्योंकि मोदी जी ने अपने तीसरे कार्यकाल के पहले सौ दिनों का एजेंडा बना कर रख लिया है। किसी भी राजनेता को मोदी की ही तरह काम करना चाहिए ,ये मै मोदी जी की रीति-नीति का प्रबल विरोधी होते भी कह रहा हूँ।

पूरी भाजपा अपने चुनाव घोषणा पत्र को भूल चुकी है और तीसरी बार भी चुनाव भावनात्मक,भ्रामक तथा झूठ के आधार पर लड़ रही है। चौथे चरण की पूर्व संध्या पर भी भाजपा की पूरी टीम और माननीय मोदी जी ने हिन्दुओं के तुष्टिकरण के लिए मुसलमानों का हौवा खड़ा किया है। भाजपा के पक्ष में कोई हवा नहीं है फिर भी मोदी जी अपने सपने में रंग भरने पर आमादा हैं। निश्चित ही उनके हाथ कोई जादू की छड़ी लग गयी है जो जनमत को यकायक उनके पक्ष में खड़ा कर देगी। इंदिरा गांधी भी 1977 के आम चुनाव में उस तरह विपक्ष के निशाने पर नहीं थीं जिस तरह की आज मोदी जी विपक्ष के निशाने पर हैं। लेकिन मोदी जी किशोर कुंजर की तरह झूमते हुए चल रहे हैं। उन्हें आम चुनाव गले में पड़ी माला जैसा लग रहा है।

विपक्ष का आत्मविश्वास अपनी जगह है ,लेकिन विपक्ष की और से सत्तापक्ष की तरफ से उछाले गए 'अबकी 400 पार ' जैसा कोई नारा नहीं उछाला गया है । लगता है कि विपक्ष केवल और केवल मोदी को रोकने के लिए कोशिश कर रहा है ,भाजपा को रोकने के लिए नहीं ,अन्यथा विपक्ष भी चार सौ पार जैसा कोई नारा उछालता ? भाजपा की सरकार ने अपने दस साल की उपलब्धियों को बलाए ताक रख दिया है। भाजपा और मोदी केवल और केवल हिन्दू-मुसलमान के आधार पर चुनाव लड़ रहे हैं और बेशर्मी के साथ हिन्दू मुसलमान कर रहे हैं। चुनाव के चलते भी भाजपा लगातार अपने भय को छिपाने के लिए दल-बदल के अभियान को जारी रखे हुए है। भाजपा के दूसरे बड़े नेता केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह खुद दल-बदल अभियान की कमान सम्हाले हुए हैं।

मतदान का चौथा चरण बेहद महत्वपूर्ण है। क्योंकि इसी चरण के मतदान के बाद तय हो जाएगा की सत्ता की सीता किसका वरण करेगी ?वरमाला बूढ़े हो चले जिद्दी नरेंद्र दामोदर दास मोदी के गले में या साठा सो पाठा होने जा रहे राहुल गांधी के गले में। दोनों में भेद ये है कि मोदी स्वयंभू प्रधानमंत्री बन चुके हैं लेकिन राहुल गांधी ने ऐसी कोई घोषणा नहीं की है। आईएनडीआईए लोकतान्त्रिक तरीके से अपना नेता चुनेगा ।भाजपा की तरह वहां कोई भी अपने हाथ से अपने गले में माला डालकर अपने आपको नेता घोषित नहीं कर सकता। भाजपा ने तो मतदान के सभी चरण पूरे होने से पहले ही ,यानि जनादेश आने के पहले ही माननीय मोदी जी को अपना नेता मान लिया है। भाजपा के तमाम प्रत्याशियों को शायद टिकिट ही इसी शर्त पर दिए गए हैं कि वे मोदी जी के लिए ही अपना हाथ खड़ा करेंगे।

मै माननीय मोदी जी के आत्मविश्वास की बात कर रहा था । आपको बता दूँ कि 24 में से 36 घंटे काम करने वाले मोदी फिलहाल चुनाव प्रचार में व्यस्त हैं, लेकिन उन्होंने अपनी सरकार के 100 दिन के एजेंडे को लागू करने के लिए अपने शीर्ष सचिवों की 10 समितियां नियुक्त की है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पहले ही अपने चुनावी भाषणों में इस बात का जिक्र कर चुके हैं। ऐसे उम्मीद है कि सरकार 4 जून को चुनाव नतीजे आने के बाद नई सरकार बनने के तुरंत बाद होने वाली मंत्रिपरिषद की पहली बैठक में 100 दिनों के एजेंडे पर चर्चा करेगी। उन्होंने कहा कि इन समूहों में शामिल मंत्रालयों में गृह, वित्त, रक्षा, विदेश और अन्य मंत्रालयों के सभी शीर्ष अधिकारी शामिल हैं।

मोदी जी की इस तैयारी को देखते हुए समूचे विपक्ष को अपनी रणनीति को मतदान कि बाकी तीन चरणों कि लिए नए सिरे से बनाना होगा ,अन्यथा अच्छे दिन न जनता कि लिए आ पाएंगे और न विपक्ष कि लिए। पहले अंग्रेजों ने देश को बांटा था,अब हम और हमारे भाग्यविधाता ये काम करेंगे। वे बिना औपचारिक विभाजन कि ही देश में लगातार हिन्दुओं को मुसलमानों से अलग करने की कोशिश पिछले दस साल से कर ही रहे हैं ।संतोष की बात ये है की विपक्ष कि पास मोदी जी की ही शैली में सियासत करने वाला एक अरविंद केजरीवाल भी है ,जो पूरे आत्मविश्वास कि साथ मोदी को चुनौतियाँ दे रहा है। फिर भी खुदा खैर करे। सबका मालिक एक । जय सियाराम।

# एक तरफ राम भक्त, दूसरी तरफ रामद्रोही: योगी आदित्यनाथ

## अतर्रा की जनसभा में विपक्ष पर बिफरे योगी

**अखंड भारत संदेश**

**अतर्रा/बांदा।** सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि नये भारत में मोदी की अगुवाई में देश का सम्मान बढा है। कोई दुश्मन देश भारत की ओर नहीं देखता। जोर का विस्फोट होने पर पाकिस्तान तुरन्त सफाई देता है कि विस्फोट हमने नहीं किया।

सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अतर्रा/बांदा के हिन्दू इंटर कालेज में भाजपा प्रत्याशी आरके सिंह पटेल को जिताने की जनसभा में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि माफियाओं और गुंडों का समर्थन करने वाले राम के अस्तित्व पर सवाल उठाते हैं। क्या उन्हें सत्ता में भेजेंगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भगवान श्रीराम का मन्दिर बनवाते हैं तो गुंडा-माफियाओं का रामनाम सत्य हो रहा है। राम भक्तों पर गोली चलवाने वाले को क्या समर्थन देंगे। उन्होंने सरकार की बुन्देलखण्ड एक्सप्रेस-वे व डिफेंस कारीडोर आदि उपलब्धियां गिनाते हुए विपक्षी दलों पर तीखे हमले बोले। कहा कि बुन्देलखण्ड की सियासत में बांदा-चित्रकूट संसदीय सीट खास महत्व रखती है। ये सीट सभी दल जीतना चाहते हैं। 2014 से इस सीट पर भाजपा का कब्जा है। मतदान के महज आठ दिन बचे हैं।



जनसभा में बोलते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व मौजूद भीड।

उन्होंने कहा कि सपा के लोगों ने युवाओं के हाथों में तमंचे थमाये हैं, हमने टैबलेट दिये हैं। भाजपा जीत की ओर बढ रही हैं। उन्होंने कालिंजर किले की शौर्यगाथा, रानी दुर्गावती, भगवान नीलकंठ, महर्षि वामदेव को प्रणाम करते हुए वक्तव्य दिये। पूरे देश में मोदी लहर चल रही है। सुनामी आने वाली है। जनता कहती है जो राम को लाये हैं हम उन्हें लायेंगे। इस बार का चुनाव रामभक्तों व रामद्रोहियों के बीच है। योगी ने कहा कि हर घर नल योजना अंतिम चरण में है। यहां के लोग पानी को नहीं तरसना चाहते। पूर्ववर्ती सरकारों ने यहां के लोगों को पानी को तरसाया है। जनता उन्हें वोट को तरसा दे। कांग्रेस-सपा गठबंधन की सरकार आई तो ये जनता पर वरासत टैक्स लगायेंगे।

सूबे के जल शक्ति राज्य मंत्री रामकेश निषाद, जिलाध्यक्ष संजय सिंह, क्षेत्रीय मंत्री रामकिशोर साहू, सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी, नरैनी विधायक ओममणि वर्मा, बालमुकुंद शुक्ला, पूर्व मंत्री चंद्रिका प्रसाद उपाध्याय, चित्रकूट भाजपा जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी, जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव, नगर पालिका अध्यक्ष नरेन्द्र गुप्ता, डीसीबी अध्यक्ष पंकज अग्रवाल समेत भाजपा प्रत्याशी आरके सिंह पटेल आदि भाजपा नेता मौजूद रहे। जनसभा में तकरीबन बीस हजार लोग मौजूद रहे।



ड्रोन कैमरे से जांच का दृश्य।

## ड्रोन कैमरे से शहर की हुई निगरानी

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर लोस चुनाव व बांदा जिले के अतर्रा में सूबे के मुख्यमंत्री की सुरक्षा के मद्देनजर प्रभारी सर्विलांस/एसओजी एमपी त्रिपाठी की अगुवाई में सर्विलांस टीम ने कर्वी शहर के धनुष चैराहा, पटेल तिराहा, बस स्टैण्ड, रेलवे स्टेशन आदि विभिन्न स्थानों पर ड्रोन कैमरे से निगरानी की।सोमवार को सर्विलांस/एसओजी प्रभारी ने सूचना पर कुछ संदिग्ध वाहनों की जांच की। जिले में नगरों, कस्बों, ग्रामीण क्षेत्रों व वन क्षेत्रों की निगरानी लगातार ड्रोन कैमरे से की जायेगी। ड्रोन कैमरे में निगरानी टीम को कहीं कोई संदिग्ध व्यक्ति या संदिग्ध वस्तु नहीं मिली। ये जांच एहतियातन की गई है।

## आंखों से दिव्यांग रतिया बसपा को देना चाहती थी वोट, डलवा लिया कमल में

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** बांदा-चित्रकूट लोकसभा सीट पर 20 मई को मतदान के चलते 85 वर्ष से ऊपर व दिव्यांग मतदाताओं को मतदान कराने को मतदान कर्मियो की टोली घर-घर मतदान करा रही है। एक दिव्यांग बुजुर्ग महिला ने मतदान कर्मियों पर भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में जबरन वोट डलवाने का आरोप लगाया। ये वीडियो सोशल मीडिया पर खासा वायरल हो रहा है।

सोमवार को बसपा जिलाध्यक्ष शिवबाबू ने चुनाव आयोग से शिकायत कर कार्यवाही की मांग की है। मानिकपुर तहसील के दीपू कोलान किहुनिया की आंखों से दिव्यांग बुजुर्ग महिला रतिया ने आरोप लगाया कि वह आंखों से दिव्यांग है। 11 मई को वह घर पर लेटी थी। मतदान कर्मी वोट डलवाने को घर आये। उसे भाजपा प्रत्याशी को वोट देने का दबाव बनाकर वोट डलवा ले गये। जबकि उसे बसपा को वोट देना था। मतदान कर्मियों ने बचाव को उसके घर की महिला को खड़ा कर लिया था। उसकी मौजूदगी का फोटो व वीडियो बना लिया था। महिला के बयान का वीडियो किसी ने सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। बसपा जिलाध्यक्ष शिवबाबू ने सरकारी तंत्र पर मतदान को प्रभावित करने का आरोप लगाया। चुनाव आयोग से शिकायत कर कार्यवाही की मांग की है। इस मामले में जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने मामले की जांच कराने को कहा है। फिलहाल पीड़ित दिव्यांग मतदाता महिला का वीडियो सोशल मीडिया पर खासा वायरल हो रहा है।

## पहले मतदान फिर जलपान, 20 मई को डालें वोट: डीएम

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने जिले में लोकसभा चुनाव में वोट प्रतिशत बढ़ाने को लगातार सक्रिय हैं। वार्ड 20 गांधीगंज मोहल्ले में घर-घर जाकर उन्होंने नीलम वर्मा, दीपशिखा वर्मा, देवेंद्र सिंह कटिहार, शिवराज गुप्ता को कार्ड बांटकर वोट डालने की अपील की।

सोमवार को जिला निर्वाचन अधिकारी अभिषेक आनन्द ने वार्ड 20 में कार्ड बांटते हुए मतदाताओं से मतदाता पर्ची वितरण की जानकारी ली। उन्होंने मतदाताओं से कहा कि बूथों पर शुद्ध पेयजल, शौचालय, छाया, प्राथमिक चिकित्सा, व्हीलचेयर आदि की सुविधा है। किसी प्रकार की समस्या मतदान में नहीं होगी। सभी लोग लोकसभा चुनाव पर्व में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें। जिलाधिकारी ने कहा कि पहले मतदान, फिर जलपान का सिद्धान्त अपनायें। वोट डालने के बाद अन्य जरूरी कार्य करें। पांच साल में एक बार वोट डालने का मौका मिलता है। इस मौके को न गवायें, लोकतंत्र की मजबूती को सभी लोग मतदान करें।

इस मौके पर सीडीओ श्रीमती अमृतपाल कौर, एडीएम एफआर उमेश चंद्र निगम, एसडीएम कर्वी सौरभ यादव, एएसडीएम आलोक कुमार सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक संतोष कुमार मिश्रा समेत स्वीप अधिकारी व बूथ लेवल ऑफिसर मौजूद रहे।



कार्ड बांटते डीएम आदि।

## असहाय महिला को एसडीएम ने दी मदद

**अखंड भारत संदेश**

**राजापुर/चित्रकूट।** राजापुर तहसील के एसडीएम प्रमोद कुमार झा ने मदर्स डे पर पिछले वर्ष की भांति वार्ड 15 तुलसीनगर की असहाय महिला को कपड़े, राशन, फल देकर सम्मानित किया। 20 मई को लोकसभा चुनाव में पुलिस बल ठहरने को वशिष्ठ नारायण करवरिया महाविद्यालय में व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

सोमवार को एसडीएम प्रमोद कुमार झा, नगर पंचायत अध्यक्ष संजीव मिश्रा, ईओ बीएन कुशवाहा को निर्देश दिये कि शौचालय, स्नान गृह, पेयजल, विद्युत, साफ-सफाई करायें। राजापुर वार्ड 15 तुलसीनगर की लक्ष्मिनिया यादव पत्नी स्व असावर यादव को एसडीएम ने मदर्स डे पर खानपान की जिम्मेदारी निभाने का भरोसा दिया। एसडीएम ने कहा कि त्रेता में भगवान राम ब्रम्ह स्वरूप होने के बाद भी नैतिकता पर सवेरे उठकर माता-पिता की चरण वंदना करते थे। अब नैतिकता का समाज में अनुकरण नहीं हो रहा। प्रदेश सरकार की ओर से महिलाओं को नारी सहायता समूह से ग्रामीण क्षेत्रों में स्वरोजगार कर आत्मनिर्भर बनकर सीख लेने की प्रेरणा दी। इस मौके पर वकील परवीन नूरी खान, मनोज जायसवाल, हरिश्चंद्र गोस्वामी, अरुण जायसवाल आदि मौजूद रहे।

## नमामिगंगे ठेकेदार ने खोद डाला मुख्य रास्ता

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** नमामिगंगे योजना के ठेकेदार ने योजना का मजाक बना दिया है। पहाडी थाने के अशोह गांव में हरिजन बस्ती के पास पाइप डालने को जेसीबी से खुदाई कर घरों को जा रही पेयजल योजना की लाइनों को तोड़कर बर्बाद कर दिया है। सोमवार को ग्रामीणों ने बताया कि एक सप्ताह से घरों में पेयजल नहीं पहुंच रहा। लोगों को भारी परेशानी हो रही है। गर्मी के मौसम में पेयजल की किल्लत से ग्रामीण दर-दर भटक रहे हैं। सुपरवाइजर व ठेकेदार से बनवाने को कहा तो कोई न कोई बहाना बनाकर टालमटोल कर रहे हैं। खुदी सडक की मरम्मत न करने से लोगों को आवागमन में भारी परेशानी हो रही है। आम रास्ते में खुदे गड्ढे से लोग चुटहिल हो रहे हैं। गड्ढों में पानी भी भरा हुआ है। इससे लोगों को पता नहीं चलता कि कितना गहरा गड्ढा है।

## अंतर्राष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन ने भाजपा को समर्थन का किया ऐलान

### भाजपा प्रत्याशियों को जितायेंगे वैश्य

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिला मुख्यालय स्थित रामकृपा इन में अंतर्राष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन (आईवीएफ) के बैनर तले मंडल से आये व्यापारियों के सम्मेलन में आईवीएफ ने पूरे देश में भाजपा प्रत्याशियों के समर्थन को ऐलान किया है।

सोमवार को आईवीएफ जिलाध्यक्ष विवेक अग्रवाल, महामंत्री केशव शिवहरे व कोषाध्यक्ष संजय अग्रवाल ने लोकसभा प्रत्याशी आरके सिंह पटेल समेत मौजूद जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी, जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव, नगर पालिका चेयरमैन नरेंद्र गुप्ता, जिला सहकारी बैंक चेयरमैन पंकज अग्रवाल व योगेश जैन को समर्थन पत्र सौंपा। आईवीएफ जिलाध्यक्ष विवेक अग्रवाल ने बताया कि एक-दो अप्रैल को जम्मू-कश्मीर में हुए इंटरनेशनल वैश्य फेडरेशन की राष्ट्रीय कार्यकारिणी ने केंद्र की एनडीए सरकार व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को समर्थन दिया है। उनके साथ संगठन के सभी व्यापारी एकजुटता से सहयोग करेंगे।

उन्होंने बताया कि इंटरनेशनल वैश्य फेडरेशन की राष्ट्रीय कार्य समिति में सर्वसम्मति से राष्ट्रवाद व सनातन के पोषणकर्ता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को ऐतिहासिक बहुमत के साथ तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने को भाजपा व राजग प्रत्याशियों को विजयी बनाने का प्रस्ताव पारित हुआ था। इस बाबत संगठन के केंद्रीय अध्यक्ष अशोक अग्रवाल, उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष/विधायक लखनऊ डॉ नीरज बोरा की अगुवाई में प्रदेश की सभी 80 लोकसभा सीटों पर वैश्य समाज खुला समर्थन करता है। प्रत्येक लोकसभा क्षेत्र में संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारी को प्रभारी बनाया है। जिनकी देखरेख में वैश्य समाज का वोट शत-प्रतिशत पडे। इसके लिए बडे पैमाने पर जनजागरण किया जा रहा है। कार्यक्रम में अंतर्राष्ट्रीय वैश्य फेडरेशन समेत वैश्य समाज के जिले के विभिन्न संगठनों के तमाम पदाधिकारी, सदस्य व कार्यकर्ता मौजूद रहे। खासतौर से प्रदेश महामंत्री शिवकुमार सोनी, बांदा जिलाध्यक्ष सौरभ गुप्ता, राजीव अग्रवाल, गिरीश अग्रवाल, सरयू केशरवानी मऊ, जुगराज केसरवानी राजापुर, विशाल अग्रवाल, अशोक केशरवानी मंत्री, शुभम केशरवानी अध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ, नन्द किशोर अग्रवाल, महेन्द्र अग्रवाल, राजेश सोनी, संतोष जायसवाल, शिवपूजन गुप्ता, सभासद श्रीमती शकुंतला गुप्ता, शंकरदयाल जायसवाल, कान्हा केसरवानी, अंकित केशरवानी, वंशीलाल साहू, बच्चीलाल साहू पहाड़ी, ऋषि कुमार आर्या, एमपी जायसवाल, अमित अग्रवाल, राजेंद्र चैरसिया, श्रीमती साधना सिंह, पीयूष गोयल एड अध्यक्ष कर अधिवक्ता संघ, सुधीर अग्रवाल, रोहित केसरवानी, आशुतोष गुप्ता, संतोष बंसल, पुष्पराज कश्यप, दिलीप केसरवानी, साहिल रस्तोगी समेत सैकडों की तादाद में राजापुर, मऊ, शिवरामपुर, पहाड़ी, मानिकपुर, भौंरी, कर्वी, अतर्रा, महोबा, बांदा, हमीरपुर से गणमान्य लोग मौजूद रहे। लोकसभा प्रत्याशी आरके सिंह पटेल को भारी मतों से विजयी बनाने का संकल्प लिया। अध्यक्षता डॉ सीताराम गुप्ता ने की। संचालन महासचिव केशव शिवहरे ने किया।



भाजपा प्रत्याशी को समर्थन देते वैश्य समाज जिलाध्यक्ष विवेक अग्रवाल।

## लाइनमैन नहीं जोड रहा नया कनेक्शन

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** कोतवाली कर्वी के बंशीपुर भैसौंधा गांव में विद्युत लाइनमैन विक्रम से परेशान ग्रामीण ने उच्चाधिकारियों से गुहार लगाई है कि उसका नया कनेक्शन होने के बाद भी नहीं जोड रहा।सोमवार को बंशीपुर भैसौंधा गांव के अरविन्द कुमार ने बताया कि गांव में विद्युत लाइनमैन लोगों से पैसा लेकर कटिया जोड देता है। तमाम लोग कटिया से लाइट जलाते हैं। कटिया जोडने का लाइनमैन रुपये लेता है और दारू पीता है। उसके पैसा न देने पर उसका नया कनेक्शन नहीं जोड रहा। कनेक्शन जोडने की उसे तीन तारीखें मिली थीं। वे तारीखें निकल गईं। फिर भी कनेक्शन नहीं जोड रहा है।

## परिवार परामर्श केन्द्र ने दो दम्पतियों को किया एक

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर सामाजिक रिश्तों को बचाने के प्रयास में पुलिस कार्यालय स्थित परिवार परामर्श केन्द्र ने दो दम्पतियों के आपसी पारिवारिक विवाद को समाप्त कराकर सुलह कराई। सोमवार को कोतवाली कर्वी के विद्यानगर की श्रीमती रोशनी पुत्री रामभवन ने पति राममिलन पुत्र भगवती निवासी खोर थाना रैंपुरा ने ससुरालीजनों के खिलाफ गाली-गलौज, मारपीट व दहेज को प्रताड़ित करने बाबत पत्र सौंपा। श्रीमती सुनीता उर्फ सीमा पुत्री मोहन ऐंचवारा थाना बहिलपुरवा ने पति जितेन्द्र पुत्र रतीराम हरपालपुर जिला छतरपुर मप्र ने ससुरालीजनों के विरुद्ध मारपीट, गाली-गलौज व दहेज को प्रताड़ित करने बाबत पत्र पुलिस अधीक्षक को सौंपा था। पुलिस अधीक्षक ने पत्र निस्तारण को प्रभारी परिवार परामर्श केन्द्र भेजा। परिवार परामर्श केन्द्र प्रभारी श्रीमती गुड्डी देवी, महिला सिपाही शिवांगनी श्रीवास्तव, महिला सिपाही अनामिका सिंह ने शिकायतकर्ताओं की शिकायत को सुन-समझकर दूसरे पक्षों को पुलिस कार्यालय बुलाया। दोनों पक्षों को भविष्य में विवाद न करने व पारिवारिक कर्तव्यों का पालन करने की बात कही। आपसी सुलह होने पर दोनों दम्पति ने एक-दूसरे के गले में फूलमाला डालकर मुंह मीठा कराया। प्रभारी परिवार परामर्श केन्द्र ने दोनों दम्पति से तालमेल से रहने को कहा। दम्पतियों ने तालमेल से रहने का भरोसा देते हुए कर्तव्यों का निर्वहन करने को कहा।



विवाद सुलझाती पुलिस।

## पुलिस ने दबोचे दो वारंटी

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर वांछित/वारंटी की गिरफ्तारी को जारी अभियान में प्रभारी निरीक्षक राजापुर मनोज कुमार की अगुवाई में दरोगा कन्हैयालाल बक्स सिंह ने मारपीट, गाली-गलौज व जान से मारने की धमकी के वारंटी चुनकावन यादव उर्फ नवी पुत्र बलदेव व अभिषेक उर्फ शेरा पुत्र देवशरण निवासी छीबो थाना राजापुर को गिरफ्तार किया। टीम में दरोगा कन्हैया बक्स सिंह व सिपाही शिवधनी शामिल रहे।

## शिव भक्तों ने दो जेबकतरों को किया पुलिस के हवाले

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** रामघाट स्थित मत्स्यगयेन्द्रनाथ मंदिर में शिव भक्तों ने दो जेबकतरों को दबोचकर वहां तैनात पुलिस कर्मियों को सौंपा।

वैशाख माह के सोमवार को हजारों श्रद्धालु मत्स्यगयेन्द्रनाथ मन्दिर जलाभिषेक को जाते हैं। जेबकतरे मंदिर परिसर के अंदर भीड़ का लाभ उठाते हैं। दो जेबकतरों ने शिव भक्त के पैंट की जेब काटी, उसे तत्काल पकड़ लिया। वहां तैनात पुलिस कर्मियों के हवाले किया। जबकतरों ने पूंछतांछ में बताया कि वे भीड़ का लाभ उठाकर चोरी करते हैं। नाम-पता अजय सोनी पुत्र अशोक सीतापुर व दिनेश यादव पुत्र रामऔतार नांदी कुर्मियान बताया। पिछले सोमवार को एक पत्रकार के जलाभिषेक को जाने पर उसकी जेब कट गई थी। काफी खोजबीन बाद पता नहीं चल सका था।



पुलिस के सुपुर्द जेबकतरे।

## अदालती आदेश पर भी पति नहीं देता गुजारा-भत्ता

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** कोतवाली कर्वी की राबिया पत्नी नसीर के अदालत से पारिवारिक विवाद के मामले में पक्ष में आदेश होने के बाद भी पति गुजारा-भत्ता नहीं दे रहा। अदालत के आदेश पर उसे सम्मान से रख भी नहीं रहा। पीडिता ने पुलिस अधीक्षक को सौंपे पत्र में अदालत के आदेशों का पालन कराने की मांग की है।

सोमवार को कोतवाली कर्वी के राबिया पत्नी नसीर का विवाह बांदा जिले के बदौसा थाने के उसरापुरवा में नसीर के साथ हुआ था। पीडिता ने पुलिस अधीक्षक को सौंपे पत्र में कहा कि पति से छह अप्रैल को रात आठ बजे पूंछा कि क्या खाना बनाना है। पति उस दिन घर पर गृहस्थी का कोई सामान नहीं लाये थे। बार-बार पूंछने पर न सामान लेने गये तो वह जेठानी के घर से रोटी-सब्जी लाकर पति को खिला दिया। खाने में मिर्च ज्यादा होने पर पति ने उसे बुरी तरह मारापीटा। पति ने ऐसी जगह पिटाई की कि किसी को दिखाया नहीं जा सकता। पीडिता के शरीर पर तमाम गम्भीर चोटें हैं।

पीडिता ने आरोप लगाया कि पति के जेठानी से सम्बन्ध हैं। पडोसियों ने भी इस बात की पुष्टि की है। वह सात अप्रैल को मायके चली आई। पति उसे जान से मारने पर आमादा है। पीडिता ने पति पर उचित कानूनी कार्यवाही करने की मांग की है।

## दो के कब्जे से 277 लीटर महुआ शराब बरामद

### दो कुंतल लहन नष्टकर शराब बनाने के पकडे उपकरण

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर लोस चुनाव के मद्देनजर अवैध शराब निर्माण व बिक्री की रोकथाम को जारी अभियान में पुलिस ने दो लोगों के कब्जे से 277 लीटर महुआ शराब व दो कुंतल लहन नष्टकर शराब बनाने के उपकरण बरामद किये।

सोमवार को प्रभारी निरीक्षक राजापुर मनोज कुमार की अगुवाई में दरोगा कन्हैया बक्स सिंह ने सिपाही प्रकाश मिश्रा, शुभम मिश्रा, मनीष यादव, महिला सिपाही प्रियंका सिंह के साथ सिरावल माफी गांव में छापेमारी कर राममिलन उर्फ भुन्ना निषाद पुत्र जौखी निषाद के कब्ज से 204 लीटर महुआ शराब बरामद कर दो कुंतल लहन नष्ट कर शराब बनाने के उपकरणों समेत गिरफ्तार किया।

इसी क्रम में चौकी प्रभारी सीतापुर गौरव तिवारी ने सिपाही अभिषेक प्रताप सिंह के साथ संजय पुत्र भगवानदीन लूसारिया मंदाकिनी रघुराजनगर थाना नयागांव जिला सतना मप्र के कब्जे से 73 लीटर महुआ शराब समेत गिरफ्तार किया। दोनों के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है।



पुलिस गिरफ्त में शराब कारोबारी।

